वर्ष : 33 ▸ अंक : 273 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 मिलन लुथरिया की फिल्म के हीरो बने अक्षय कुमार


P8 दूषित हवा से मानसिक रोगों का खतरा बढ़ा

# शुक्रिया स्पिन ऑफ़ किंग

## अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज छोड़ आज भारत लौटेंगे

### नंबर गेम



- 2010 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 में किया पदार्पण
- 2011 में विंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेला पहला टेस्ट मुकाबला
- 2011 में वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे
- 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम के भी सदस्य रहे
- 156 विकेट वनडे के 116 मैच में लेने के साथ 707 रन भी बनाए
- 72 विकेट टी-20 में चटकाने के साथ ही 184 रन भी बनाए



"मुझे लगता है कि क्रिकेटर के तौर पर मेरे भीतर अभी पंच बाकी है लेकिन मैं क्लब स्तर पर उसे दिखाना चाहूंगा। मैंने अपने करियर का पूरा मजा लिया। मेरी रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ कई यादें हैं।

-आर अश्विन

### संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस

अश्विन ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं आपका अधिक समय नहीं लूंगा। यह भारतीय टीम के क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी दिन है। इसके बाद उन्होंने कोई सवाल लेने से इनकार कर दिया और घोषणा करके चले गए। उन्होंने पुजारा और रहाणे की ओर इशारा करते हुए कहा,उनमें से कुछ पिछले कुछ साल में चले गए। हम ऑस्ट्रेलिया में भारतीय ड्रेसिंग रूम में उस जमात की आखिरी कड़ी हैं।

### भावुक पल

उन्होंने कहा, मुझे कई लोगों को धन्यवाद देना है लेकिन सबसे पहले बीसीसीआई और अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद दूंगा। रोहित, विराट, अजिंक्य, पुजारा जिन्होंने विकेट के आसपास कैच लपककर मुझे विकेट दिलाए। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद जिनके खिलाफ खेलने में मजा आया। यह भावुक पल है। मुझे माफ कीजिए (मीडिया) कि सवाल नहीं ले सकूंगा। मेरे बारे में अच्छा और कभी कभी बुरा लिखने के लिये धन्यवाद।

### आईपीएल खेलेंगे

अश्विन हालांकि वह क्लब क्रिकेट खेलते रहेंगे। वह टेस्ट में टीम का नियमित हिस्सा रहे हैं। हालांकि वनडे में वह टीम से बाहर हैं। टी-20 में उनका टीम में आना-जाना लगा रहा है। वह आईपीएल में खेलते दिखेंगे। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

**एजेंसी । ब्रिस्बेन**

दिग्गज भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन की फिरकी का जादू अब नहीं दिखेगा। चेन्नई एक्सप्रेस के नाम से मशहूर 38 वर्षीय अश्विन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मैच के खत्म होने के बाद खेल का अलविदा कहने की घोषणा की। वह गुरुवार को स्वदेश लौट आएंगे। संन्यास की घोषणा से पहले उन्हें ड्रेसिंग रूम में कोहली के साथ भावुक होते देखा गया। कोहली ने उनके कंधे पर हाथ रखा था और अश्विन को अपनी आंखें पोछते देखा गया।

| प्रारूप | मैच | विकेट | सर्वश्रेष्ठ | 5w |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 106 | 537 | 7/59 | 37 |
| वनडे | 116 | 156 | 4/25 | 0 |
| टी20 | 65 | 72 | 4/8 | 0 |

### नई गेंद के जादूगार

नई गेंद (पहले 20 ओवर) के साथ अश्विन ने 133 विकेट चटकाए हैं। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी स्पिनर की ओर से लिए गए सर्वाधिक विकेट हैं। इस दौरान उनका 21.50 का औसत और 45.4 का स्ट्राइक रेट रहा है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (73) विकेट लिए हैं। वहीं ओवरऑल गेंदबाजों में अश्विन से आगे सिर्फ इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन (146 विकेट) और स्टुअर्ट ब्रॉड (145 विकेट) ही हैं।

### तीसरे खिलाड़ी

अश्विन ने शेन वॉर्न और स्टुअर्ट ब्रॉड के बाद 3000 प्लस रन और 500 प्लस विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। अश्विन ने एक सीरीज में रिकॉर्ड 25 बार 25 प्लस विकेट चटकाए हैं। वॉर्न और मुरलीधरन ने छह-छह बार जबकि कपिल देव ने चार बार ऐसा किया है।

### सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज

अश्विन ने 37 बार टेस्ट में पांच या उससे अधिक विकेट लिए हैं। उनसे ज्यादा बार यह मुकाम मुरलीधरन (67) ने ही हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न ने भी 37 बार ऐसा किया है। न्यूजीलैंड के रिचर्ड हेडली (36) चौथे और भारत के अनिल कुंबले (35) पांचवें नंबर पर हैं।

### रिकॉर्ड 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड

अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में रिकॉर्ड 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीते हैं। वह इस मामले में श्रीलंकाई दिग्गज मुथैया मुरलीधरन के साथ शीर्ष पर हैं। इन दोनों के अलावा दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस ने नौ बार यह उपलब्धि हासिल की है।

### स्पिनरों में सबसे बेहतर स्ट्राइक रेट

टेस्ट में 200 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनरों में अश्विन का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है। उनका स्ट्राइक रेट 50.7 का है। उनके बाद स्टुअर्ट मैकगिल (54.0) और मुरलीधरन (55.0) का नंबर आता है।

### घर में लगातार टेस्ट खेलने वाले भारतीय

अश्विन 13 साल के अपने टेस्ट करियर में घर में किसी मुकाबले में भी बाहर नहीं बैठे। वह घरेलू सरजमीं पर भारतीय स्पिन अटैक की धार थे। उन्होंने देश में 65 टेस्ट में 383 विकेट लिए। इसमें 29 बार पारी में पांच विकेट शामिल हैं। घर पर बिना कोई मैच चूके उनसे ज्यादा टेस्ट सिर्फ इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक (83 मैच) 2006 से 2018 ने ही खेले हैं।



# समन्दर में मौत का तांडव

## बेकाबू नेवी बोट ने यात्री नाव को मारी टक्कर

- हादसे में 13 की मौत, 101 बचाए गए
- हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर
- फेरी नाव पर 114 लोग सवार थे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बुधवार को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट एक तेज गति से आ रही नौसेना की छोटी बोट से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। नाव में चालक दल समेत 100 से अधिक यात्री सवार थे। इस हादसे के बाद बचाव कार्य शुरू किया गया जिसमें 101 लोगों को रेस्क्यू किया गया है जबकि तीन जवान समेत 13 लोगों की मृत्यु हो गई हैं।

### खोज अभियान में लगे है 8 जहाज

भारतीय नौसेना के अधिकारी ने मामले में बताया कि भारतीय नौसेना के 8 जहाजों को उस इलाके में खोज अभियान में लगाया गया है, जहां नौका दुर्घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि नौका से टकराने वाली नौसेना की नाव पर सवार छह लोगों में से तीन की मौत हो गई है, जबकि उनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। नौका पर 20 बच्चों सहित लगभग 110 यात्री सवार थे।

### नौसेना की नाव का इंजन खराब होने से हुआ हादसा

हादसे को लेकर नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि दोपहर भारतीय नौसेना के एक जहाज ने इंजन की खराबी के कारण मुंबई हार्बर में इंजन परीक्षण के दौरान नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप, नाव एक यात्री नौका से टकरा गई और पलट गई। नौसेना के बयान में आगे बताया गया कि हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत की सूचना मिली है। घटनास्थल से बचाए गए लोगों को पास के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया है, जिसमें 4 नौसेना हेलीकॉप्टर, 11 नौसेना के जहाज, एक तटरक्षक नाव और तीन समुद्री पुलिस के जहाज जीवित बचे लोगों को निकालने के लिए काम पर लगाए गए हैं।

### प्रत्यक्षदर्शी ने सुनाया हादसे का खौफनाक मंजर

चश्दीद के अनुसार नाव की टक्कर काफी भयानक थी। नाव में पानी भरने लगा और वो डूब गई। इसके बाद नाव में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल हो गया। तेज रफ्तार नाव के नीलकमल बोट से टकराने वाला वीडियो वायरल हुआ है जो बेहद भयानक है।

### मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता का एलान

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बोट हादसे में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषित की है। उन्होंने कहा कि यह राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि से प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना की विस्तृत जांच होगी। नौसेना के साथ पुलिस भी मामले की जांच करेगी।

### सीएम फडणवीस का बयान



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नौसेना के वाईस एडमिरल संजय जगजीत सिंह से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि नीलकमल कंपनी की बोट गेट वे ऑफ इंडिया से बुधवार 3.55 बजे एलिफेंटा द्वीप के लिए रवाना हुई। उरण और करंजा (बूचर द्वीप) के पास पहुंचने पर नौसेना की एक तेज रफ्तार छोटी नाव आकर नीलकमल बोट से टकरा गई जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाईस एडमिरल ने मुख्यमंत्री को बताया कि शाम 7 बजे तक 13 लोगो को मृत घोषित किया गया है जिसमे 3 नौसेना के जवान और 10 नागरिक शामिल हैं। वहीं, 2 की हालत गंभीर है।

### 'जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं'

## ओबीसी नेताओं से मुलाकात करुंगा : छगन भुजबल

**डीबीडी संवाददाता । नासिक**




दिसंबर महाराष्ट्र के नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने के बाद अपने अगले कदम को लेकर चल रही अटकलों के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के असंतुष्ट नेता छगन भुजबल ने बुधवार को कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेताओं के साथ चर्चा के बाद "संभावित अगला कदम" उठाया जाएगा। वहीं शिवसेना विधायक सुहास कांडे ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भुजबल को मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने के विरोध में राकांपा से इस्तीफा देने की चुनौती दी।

## यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सख्त हुआ कोर्ट

- ओला - उबर में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित को लेकर सरकार से मांगा जवाब

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को राज्य सरकार से राज्य में एग्रीगेटर वाहनों (ओला और उबर) में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, लाइसेंसिंग और एग्रीगेटर नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति का विवरण देते हुए एक हलफनामा दाखिल जवाब देने का निर्देश दिया है। अदालत ने ओला और उबर जैसे वाहनों के एग्रीगेटर को नोटिस जारी किया है। 29 जनवरी 2025 को जनहित याचिका (पीआईएल) पर अगली सुनवाई रखी गई है।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ के समक्ष पेशेवर स्क्वैश खिलाड़ी अमितोज इंदर सिंह की ओर से वकील वेस्ले मेनेजेस और वकील अयान भट्टाचार्य की दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में ट्रांसपोर्ट एग्रीगेटर्स द्वारा संचालित वाहनों (उबर और ओला) में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। साथ ही याचिकाकर्ता पर 2018 में कैब ड्राइवर द्वारा व्यक्तिगत हमले की घटना का हवाला दिया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि केंद्र सरकार ने 27 नवंबर 2020 को 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा-निर्देश-2020' जारी किए थे, जो वैधानिक हैं। हालांकि प्रभावी कार्यान्वयन की कमी के कारण एग्रीगेटर वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई है। याचिकाकर्ता ने इन दिशा-निर्देशों के अमल को सुनिश्चित करने और यात्री सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपायों को लागू करने के लिए निर्देश का अनुरोध किया है।

## 1.2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र में पुलिस ने एचएसबीसी बैंक से 38 'क्रेडिट कार्ड' के जरिए कथित तौर पर 1.26 करोड़ रुपएकी ठगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ये 'क्रेडिट कार्ड' दस्तावेजों के उचित सत्यापन के बिना जारी किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि कथित अपराध सोमवार को तब प्रकाश में आया जब विदेशी बैंक के उपाध्यक्ष (वित्तीय अपराध जांच) ने आजाद मैदान पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# शहरी नक्सलवाद से निपटने की तैयारी में सरकार

- विधानसभा में 'महाराष्ट्र विशेष लोक सुरक्षा अधिनियम' को दोबारा किया पेश

**डीबीडी संवाददाता । नागपुर**

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन राज्य के अभिभाषण पर चर्चा की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा में विशेष लोक सुरक्षा विधेयक दोबारा पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रास्तावित कानून का उद्देश्य वास्तविक असहमति की आवाजों को दबाना नहीं, बल्कि शहरी नक्सलियों के पनाहगाहों को



समाप्त करना है। एकनाथ शिंदे नीत पूर्ववर्ती महायुति गठबंधन सरकार ने इसी साल जुलाई में मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में 'महाराष्ट्र विशेष लोक सुरक्षा अधिनियम, 2024' नाम से यह विधेयक पेश किया था। हालांकि, उस समय यह पारित नहीं हो पाया था। विधानसभा चुनाव के बाद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बनी नयी सरकार ने सदन में इस विधेयक को दोबारा पेश किया है। सदन में विधेयक पेश करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि इसे राज्य विधानमंडल की संयुक्त प्रवर समिति (Joint Select Committee) को भेजा जाएगा ताकि इससे संबंधित सभी संदेह दूर किए जा सकें।

### मानसून सत्र में दी जाएगी मंजूरी



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हितधारकों की राय पर विचार किया जाएगा और विधेयक को अगले वर्ष जुलाई में मुंबई में होने वाले राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र में मंजूरी दी जाएगी। फडणवीस ने कहा कि नक्सलवाद केवल सुदूर ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि शहरी इलाकों में भी ऐसे संगठन उभर आए हैं जो देश और इसकी संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का काम करते हैं।"

# दो दिन बाद सामने आए अजित पवार

▶▶ बताई गायब होने की वजह

▶▶ शीतकालीन सत्र में होंगे शामिल

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

राज्य में कैबिनेट विस्तार में 39 मंत्रियों ने शपथ ली हैं, जिनमें 33 कैबिनेट मंत्री और 6 राज्य मंत्री शामिल हैं। इसमें बीजेपी के 19, शिवसेना के 11 और राष्ट्रवादी अजित पवार गुट के 9 मंत्री शामिल हैं। हाल ही में हुए कैबिनेट विस्तार के बाद से ही उपमुख्यमंत्री अजित पवार से संपर्क नहीं हो सका। दो दिन से गायब चल रहे अजित पवार की आखिरकार दो दिन तक गायब क्यों रहे इसकी जानकारी सामने आई है। दिलचस्प बात तो यह है कि राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के विधायक शशिकांत शिंदे ने आज सुबह उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की। इससे कई लोगों का उत्साह बढ़ गया है और शीतकालीन सत्र में उनके मौजूदगी की बातें चल रही है।



### कार्यकर्ताओं की दिखी भीड़

अजित पवार आज विधानसभा के कार्य में हिस्सा लेने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अजित पवार को गले में संक्रमण हुआ था। इसलिए उन्होंने दो दिन तक तबीयत खराब होने के कारण आराम किया। इसके चलते वह सत्र से अनुपस्थित रहे। लेकिन, अब दो दिन बाद अजित पवार विधानमंडल में प्रवेश करने जा रहे हैं। इससे पहले तक उनके बंगले पर मिलने के लिए कई कार्यकर्ताओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। राष्ट्रवादी शरद पवार के विधायक शशिकांत शिंदे ने नागपुर में अजित पवार से उनके आधिकारिक निवास विजयगढ़ में मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अजित पवार से संपर्क न कर पाने का कारण पूछा, जिसके बारे में उन्होंने पूरी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बयान भी दिया कि उन्हें नहीं लगता कि अजित पवार को कोई राजनीतिक बीमारी है।

### अजित पवार से जनता प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

उन्होंने कहा जनता का प्रतिनिधि होने के नाते उन्हें शुभकामनाएं देना हमारा कर्तव्य है। पिछले दो दिनों से अजित पवार से मुलाकात नहीं हुई थी। आज जब मैंने अजित पवार से मिलने का समय मांगा तो उन्होंने समय दे दिया। उपमुख्यमंत्री बनने पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी गई। मैं उनसे दो मिनट के लिए मिला और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुझसे पूछताछ की। शशिकांत शिंदे ने कहा, मैंने उनसे सवाल किया और मैं चला गया। ऐसा लग रहा था कि अजित दादा की तबीयत थोड़ी खराब है। सेहत का असर उनके चेहरे पर दिख रहा था। मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई राजनीतिक बीमारी है। लेकिन वे निश्चित रूप से बीमार दिखते हैं। महायुति के कई नेताओं में नाराजगी का स्वर देखा जा सकता है। हमने कुछ एमपी विधायकों से बात की, जिन्हें मौका नहीं दिया गया और उन्होंने अपनी स्पष्ट नाराजगी व्यक्त की।

### इस वजह से गायब थे दो दिन

दिलचस्प बात यह है, कि शशिकांत शिंदे के नागपुर में अजित पवार के आवास पर जाने के बाद कई कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। अजित पवार ने इन सभी से मुलाकात की। इसके बाद वह आज सत्र कार्य में भाग लेंगे। अजित पवार पिछले दो दिनों से उपलब्ध नहीं थे, लेकिन आज वह कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अजित पवार को गले में संक्रमण था। इसलिए पार्टी की ओर से जानकारी दी जा रही है कि उन्होंने सरकारी आवास पर आराम किया। लेकिन आज से अजित पवार एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। कार्यकर्ता और नेता आज अजित पवार से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे हैं। शशिकांत शिंदे, हसन मुश्रीफ, अदिति तटकरे, राजकुमार बडोले, सहसराम कोराटे ने अजित पवार से मुलाकात की।

# शहर में 9 दिनों में 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

## नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में छिपे विदेशी नागरिक

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



भारत में अवैध घुसपैठ के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। भिवंडी में बांग्लादेश से अवैध रूप से प्रवेश कर छिपने वाले कुल 10 लोगों को पिछले 9 दिनों में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में रह रहे थे।

### इंदिरा नगर से दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मंगलवार को भिवंडी शहर पुलिस ने इंदिरा नगर स्थित खोका कंपाउंड से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के नाम रमजान मो. अब्दुल रज्जाक शेख (32) और कबीर फियार अहमद शेख (40) बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, इन दोनों को रजिया नामक महिला ने आर्थिक लाभ के लिए अपनी खोली किराए पर दी थी। ये दोनों प्लंबर का काम करते हुए लंबे समय से वहां रह रहे थे। पुलिस ने इनके खिलाफ अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है और इन्हें पनाह देने वाली महिला से भी पूछताछ की जा रही है। 8 दिन पहले ठाणे पुलिस के मानवाधिकार प्रतिबंधित विभाग ने भिवंडी के कल्याण रोड स्थित हनुमान टेकड़ी रेड लाइट एरिया से 6 बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया था। 4 दिन पहले शांतिनगर पुलिस ने बाबला कंपाउंड से दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था।

### अवैध विदेशी नागरिकों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय

भिवंडी में लगातार विदेशी नागरिकों की बरामदगी से यह अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है कि अभी और कितने लोग चोरी-छिपे भारत में अवैध रूप से रह रहे हैं। पुलिस इस दिशा में लगातार जांच कर रही है।

# पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे शरद पवार, किसानों को ले गए साथ

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

NCP-SCP नेता प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसानों के मुद्दे को लेकर उनसे चर्चा की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें फल की पेटी दी। उनकी यह मुलाकात महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाडी (एमवीए) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति से हार के कुछ सप्ताह बाद हुई।

### 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए किया आमंत्रित



शरद पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र के फलटण के दो किसानों के साथ संसद में प्रधानमंत्री के कार्यालय में नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें किसानों के खेत से लाई गई अनार की एक पेटी भेंट की। हाल ही में, पवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में फरवरी में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था।

**शरद पवार ने नहीं की कोई विशेष बात**

प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद पवार ने कहा, ''मैंने साहित्य सम्मेलन के विषय पर बात नहीं की।'' पिछले माह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, राकांपा (एसपी), शिवसेना (उबाठा) वाले गठबंधन एमवीए को भाजपा, शिवसेना, राकांपा वाले गठबंधन महायुति से करारी हार मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट में से महायुति ने 235 और एमवीए ने 46 सीट जीती हैं।

# वसई-विरार में चार नए फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण की मांग

**आशु विश्वकर्मा । नालासोपारा**

वसई-विरार शहर में बढ़ती आबादी और तीव्र शहरीकरण के कारण यातायात जाम गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजन नाइक ने वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र में चार नए रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज बनाने की मांग की है।विधायक ने यह मुद्दा महाराष्ट्र राज्य के शीतकालीन सत्र में नागपुर में उठाया। सत्र के तीसरे दिन, उन्होंने औचित्य मुद्दे के माध्यम से वसई-विरार में ट्रैफिक समस्या का जिक्र करते हुए मांग की कि विरार में विराट नगर, नालासोपारा में ओसवाल नगर और अलकापुरी, तथा वसई में उमेलमान के लिए प्रस्तावित रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को तुरंत शुरू किया जाए।

### विधायक राजन नाइक ने नागपुर अधिवेशन में उठाया मुद्दा



### नागरिकों की अपेक्षा

वसई-विरार के नागरिक इस मांग पर राज्य सरकार की त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। इन फ्लाईओवर के बनने से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या हल होगी बल्कि क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वसई-विरार में बढ़ती जनसंख्या और यातायात दबाव

वसई-विरार महानगरपालिका की स्थापना 2009 में हुई थी, जिसमें चार नगर परिषद और 53 गांवों को शामिल किया गया। 2011 की जनगणना के अनुसार, इस क्षेत्र की आबादी 12.23 लाख थी, लेकिन वर्तमान में यह संख्या 30 लाख से अधिक हो गई है। शहर के तेजी से हो रहे शहरीकरण और मुंबई से बड़ी संख्या में लोगों के बसने के कारण सार्वजनिक और निजी परिवहन पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। नालासोपारा के पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला मौजूदा फ्लाईओवर पहले से ही भारी ट्रैफिक का सामना कर रहा है।

### प्रस्तावित फ्लाईओवर की सूची

नालासोपारा पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले एक मौजूदा रेलवे फ्लाईओवर पर हर समय ट्रैफिक लगा रहता है। इनमें प्रमुख चार नए फ्लाईओवर शामिल हैं, जिनमें वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र में विरार में विराट नगर, नालासोपारा में ओसवाल नगर, अलकापुरी और वसई में उमेलमान में पूर्व-पश्चिम रेलवे फ्लाईओवर शामिल हैं। इन चारों फ्लाईओवर के निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। विधायक राजन नाइक ने राज्य सरकार और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) से इस काम को प्राथमिकता देने और तेज गति से शुरू करने की मांग की है।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**



कल्याण की प्रतिष्ठित संस्था सृजन द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का दिव्य और भव्य आयोजन 22 दिसंबर से 28 दिसंबर, 2024 तक होने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक दुर्गा माता मंदिर परिसर, कोलसे वाड़ी, कल्याण (पूर्व) में आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन में प्रसिद्ध कथावाचक वैष्णवाचार्य स्वामी श्री अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज (प्रयागराज) अपनी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। श्री कृष्ण भक्ति की अमृतधारा में सभी श्रोता डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थक बना सकेंगे। इस आयोजन की जानकारी संस्था सृजन के कोषाध्यक्ष विरेंद्र उपाध्याय ने दी। संस्था के अन्य पदाधिकारियों में अध्यक्ष रामचंद पांडेय, महासचिव अरविंद दूबे, आंतरिक लेखा परीक्षक बृजेश दीक्षित, कार्याध्यक्ष श्यामराज मिश्रा, सचिव विनोद पाठक, सह लेखा परीक्षक भूपेष आ. सिंह, उपाध्यक्ष गिरजाशंकर मिश्रा, कार्य समिती सदस्य अरविंद रा. पांडेय, नागेश श्यामराज मिश्रा, उपाध्यक्ष विश्वम्भरनाथ द्विवेदी, सह कोषाध्यक्ष विजयलाल शुक्ला आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# कुंभ मेला-2025 के लिए 34 विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा मध्य रेलवे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मध्य रेल दिनांक 13.01.2025 से 26.02.2025 तक प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ मेला 2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए सीएसएमटी/पुणे-मऊ और नागपुर-दानापुर के बीच 34 विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा।



### पुणे - मऊ कुंभ मेला विशेष (12 सेवा)

01455 कुंभ मेला विशेष दिनांक 08.01.2025, 16.01.2025, 24.01.2025, 06.02.2025, 08.02.2025 और 21.02.2025 को पुणे से 10.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.00 बजे मऊ पहुंचेगी। 01456 कुंभ मेला विशेष दिनांक 09.01.2025, 17.01.2025, 25.01.2025, 07.02.2025, 09.02.2025 और 22.02.2025 को मऊ से 23.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.45 बजे पुणे पहुंचेगी।

### नागपुर - दानापुर कुंभ मेला विशेष (8 सेवा)

1217 कुंभ मेला विशेष दिनांक 26.01.2025, 05.02.2025, 09.02.2025 और 23.02.2025 को नागपुर से 10.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01218 कुंभ मेला विशेष दिनांक 27.01.2025, 06.02.2025, 10.02.2025 और 24.02.2025 को दानापुर से 16.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.30 बजे नागपुर पहुंचेगी।

### छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - मऊ कुंभ मेला विशेष (14 सेवा)

01033 कुंभ मेला विशेष दिनांक 09.01.2025, 17.01.2025, 22.01.2025, 25.01.2025, 05.02.2025, 22.02.2025 और 26.02.2025 को 11.30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.00 बजे मऊ पहुंचेगी। 01034 कुंभ मेला विशेष दिनांक 10.01.2025, 18.01.2025, 23.01.2025, 26.01.2025, 06.02.2025, 23.02.2025 और 27.02.2025 को मऊ से 23.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

# अंजूरफाटा में रेलवे दीवार निर्माण के दौरान हादसा, मजदूर की मृत्यु

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी के रहनाल गांव के अंजूरफाटा क्षेत्र में वसई-दिवा रेलवे लाइन पर चार स्तरीय पुलिया का निर्माण कार्य जारी है। इसके तहत गहराई में कंक्रीट की सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है। सोमवार शाम को हुई एक दुर्घटना में, 22 वर्षीय मजदूर कमल्या जयराज वाकुभाई की कंक्रीट की दीवार के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

### आकस्मिक मौत का मामला दर्ज

जानकारी के अनुसार, यह कार्य टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के तहत माया इंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा है। दीवार बनाने के लिए गड्ढे में कंक्रीट को भीम क्रेन की मदद से उतारा जा रहा था। इसी दौरान कंक्रीट बीम का एक हिस्सा टूटकर क्रेन से गिर गया, जो गड्ढे में खड़े कमल्या जयराज वाकुभाई पर गिरा और उन्हें दबा दिया। घटना की सूचना मिलते ही नारपोली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मजदूरों की सहायता से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिवंडी के सरकारी अस्पताल आईजीएम भेजा गया। पुलिस ने मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति को कोर्ट ने किया बरी

▶▶ 19 साल से फरार है आरोपी

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे की अदालत ने पत्नी को आत्महत्या को उकसाने के मामले में बरी कर दिया। अदालत ने इस मामले में 19 साल से फरार आरोपी के नहीं मिलने पर यह फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि आरोपी फरार है और अभियोजन पक्ष अब तक उस पर कोई आरोप साबित नहीं कर पाया है। महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के 2005 के एक मामले में आरोपी पति को इस बात पर गौर करते हुए बरी कर दिया कि पिछले 15 वर्षों से उसका कुछ पता नहीं चल पाया है और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने महिला को आत्महत्या के लिए उकसाया या मजबूर किया।



### संदेह का लाभ

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीआर अष्टुरकर ने 3 दिसंबर को पारित आदेश में कहा कि आरोपी की मौजूदगी की उम्मीद में मामले को लटकाए रखना अनावश्यक होगा। आदेश की एक प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी परशुराम संगनबसप्पा कोंडगुले के खिलाफ आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा, इसलिए उसे संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए और बरी किया जाना चाहिए।

### शराबी पति अक्सर करता था विवाद

अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके के निवासी आरोपी की शादी नीलावती से हुई थी और उनके दो बच्चे थे। आरोपी शराब पीने का आदी था, जिसके कारण दंपति के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। आरोपी 4 फरवरी 2005 को शराब के नशे में घर आया और दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ। उसने पत्नी से अपशब्द कहे जिसके बाद महिला ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा ली। महिला गंभीर रूप से जल गई और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 15 वर्षों से आरोपी का पता नहीं चला

अदालत ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से आरोपी का कुछ पता नहीं चल पाया है और वह कहां रह रहा है इस बारे में भी किसी को कुछ भी नहीं पता। अदालत ने कहा कि निकट भविष्य में उसका पता लगाए जाने की भी कोई संभावना नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि "आरोपी की मिलने की उम्मीद में मामले को लटकाए रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। यह बिना किसी नतीजे के एक अनंत प्रक्रिया होगी। इसलिए, आरोपी को बरी किया जाना चाहिए।

# जिला परिषद ने किया किसानों के सम्मान समारोह का आयोजन



**ठाणे।** जिला परिषद के कृषि विभाग की ओर से कृषि दिवस के अवसर पर किसानों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन कोर्ट नाका स्थित बी.जे. हाई स्कूल में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने किसानों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि ठाणे जिले में चावल की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, लेकिन अब किसानों को अन्य फसलों की ओर भी रुख करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फूलों और फलों की फसलों की बाजार में विशेष मांग है, और इनकी खेती के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला परिषद इस दिशा में आवश्यक योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रयास करेगी।

# 19 से 24 दिसंबर तक मनपा का सुशासन सप्ताह आयोजन

## आम नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए पहल

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

केंद्र सरकार ने सुशासन सप्ताह 2024 को मनपा स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दी। मनपा आयुक्त ने बताया कि सभी शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्व. नरेंद्र बल्लाल सभागृह में आयोजित किए जाएंगे।



### 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का क्रियान्वयन

केंद्र सरकार द्वारा 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान को स्थानीय स्व-सरकारी निकायों के माध्यम से प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्णय लिया गया है। मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सार्वजनिक समस्याओं की शिकायत दर्ज कराएं ताकि उनका शीघ्र निवारण किया जा सके।

### विभागवार शिकायत निवारण कार्यक्रम

**19 दिसंबर:** सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज (कलवा), जन्म व मृत्यु विभाग, फाइलेरिया विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लाइसेंस विभाग और संपत्ति कर विभाग से जुड़ी शिकायतों का समाधान।
**20 दिसंबर:** नगर विकास, लोक निर्माण, जल आपूर्ति, सीवरेज, अग्निशमन, वृक्ष प्राधिकरण व पार्क, पर्यावरण और सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग की समस्याओं का समाधान।

### मनपा आयुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन

सुशासन सप्ताह को लेकर मनपा आयुक्त कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, उमेश बिरारी, अनघा कदम, दिनेश तायडे, मधुकर बोडके, सचिन सांगले, डॉ. पद्मश्री बैनाडे, स्वास्थ्य अधिकारी चेतना नितील, उपनगर अभियंता विकास ढोले, शुभांगी केसवाणी, जल आपूर्ति अभियंता विनोद पवार, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप, और मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पश्चिम रेलवे ने लॉन्च किया 'नमस्ते हेल्थ'ऐप



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने हाल ही में चर्चगेट स्टेशन कॉनकोर्स में 'नमस्ते हेल्थ'ऐप लॉन्च किया। नमस्ते हेल्थ ऐप एक अनूठा स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म है जो स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों के प्रबंधन के लिए संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है और तत्काल वीडियो टेली-परामर्श का उपयोग करके मरीज को नज़दीकी डॉक्टरों और अस्पतालों से जोड़ता है, जो मरीज को तुरंत यह बताने में सक्षम होते हैं कि उस समय, उस परिस्थिति में सबसे अच्छा तरीका क्या है। इस ऐप को प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अनुराधा कोंडा, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नीरज वर्मा, वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और अन्य गणमान्य अतिथियों और नमस्ते हेल्थ की टीम की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।


# 'आरएसएस की शह पर अमित शाह ने की आंबेडकर पर टिप्पणी'

## केंद्रीय गृहमंत्री पर उद्धव ठाकरे ने साधा निशाना

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

गृहमंत्री अमित शाह ने संसद के उच्च सदन में अपना संबोधन देते बाबा साहेब आंबेडकर के नाम वाली टिप्पणी के बाद विपक्ष अमित शाह और भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस से लेकर सभी विपक्षी दल अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इधर उद्धव ठाकरे ने भी अमित शाहर पर निशाना साधते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी भाजपा के अहंकार को दर्शाती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ठाकरे ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. आंबेडकर समेत महाराष्ट्र के प्रतीकों व हस्तियों का अपमान करने का आरोप लगाया।

### संघ की सहमति के बिना नहीं बोल सकते शााह



पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शह के बिना अमित शाह डॉ. आंबेडकर के बारे में टिप्पणी करने की हिम्मत नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि "डॉ. आंबेडकर के बारे में अमित शाह की टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी के अहंकार को दर्शाती है और इस टिप्पणी ने पार्टी का असली चेहरा उजागर कर दिया है।"

### भाजपा के सहयोगियों से किया सवाल

ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को डॉ. आंबेडकर के बारे में टिप्पणी के लिए अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। शिवसेना (उबाठा) के नेता ने सवाल किया कि क्या भाजपा के सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), रामदास आठवले की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) और शिवसेना आंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी से सहमत हैं।

### भाजपा और आरएसएस को आंबेडकर से नफरत

विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस के लोगों में आंबेडकर के लिए बहुत नफरत है।

### नितिन राउत ने की मांफी मांगने की मांग

महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक नितिन राउत ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बोलते हुए कहा कि डॉ. गृह मंत्री अमित शाह को बाबा साहब अंबेडकर पर दिए अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं में बाबा साहब के प्रति काफी नफरत है। सदन में बाबा साहेब का अपमान कर बीजेपी और आरएसएस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो तिरंगे के खिलाफ हैं। उनके पूर्वजों ने अशोक चक्र का विरोध किया था। संघ परिवार के लोग पहले दिन से ही भारत के संविधान के स्थान पर मनुस्मृति लागू करना चाहते थे।

सीबीआई का तगड़ा एक्शन

# करप्शन के मामले में 2 IRS समेत 7 लोग अरेस्ट



**मुंबई।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में 2 IRS समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी राजधानी मुंबई में हुई है। इनके पास से CBI ने लगभग 50 लाख रुपये की ज्वेलरी समेत करीब 40 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी के कागजात भी बरामद किए हैं। वहीं इसके साथ ही 3 लग्जरी गाड़िया भी बरामद की गई हैं। फिलहाल CBI की रेड अभी जारी है। जानकारी दें कि, बीते मंगलवार को ED ने मुंबई में ही बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स स्पेक्ट्रा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SIL) और अन्य के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में PMLA के तहत मुंबई और औरंगाबाद में 9 स्थानों पर रेड मारी था। तब 8 करोड़ रुपये के बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट और इक्विटी शेयर और सिक्योरिटीज को ED ने फ्रीज किया था।

### 8 करोड़ रुपए के बैंक खाते, FD और इक्विटी शेयर और प्रतिभूतियां ज़ब्त

इस बाबत ED ने कहा कि, मुंबई ने स्पेक्ट्रा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SIL) और अन्य के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीते 17 दिसंबर को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत मुंबई और औरंगाबाद में 9 अलग-अलग स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। तलाशी अभियान के दौरान 8 करोड़ रुपए के बैंक खाते, FD और इक्विटी शेयर और प्रतिभूतियां ज़ब्त की गईं।

# नए साल में MSRTC यात्रियों को देगा खास तोहफा



## चेयरमैन भरत गोगावले ने किया बड़ा ऐलान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

नए साल में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को नया तोहफा देने जा रही है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम 1 जनवरी, 2025 को अपने बेड़े में 1,300 नई बसें शामिल करने जा रहा है। MSRTC के चेयरमैन भरत गोगावले ने इसे महाराष्ट्र के लोगों के लिए 'नए साल का तोहफा' बताया है। राज्य के मंत्री और MSRTC के चेयरमैन भरत गोगावले ने कहा कि बेड़े में शामिल की जा रही ये नई बसें लाल परी की सेवाओं का लाभ उठाने वाले महाराष्ट्र के आम लोगों के लिए नए साल का तोहफा हैं।

### आधुनिकीकरण प्रयास का हिस्सा

'लाल परी' राज्य परिवहन बसों को दिया जाने वाला वैकल्पिक नाम है। MSRTC के चेयरमैन के अनुसार, यह कदम यात्रियों के लिए सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए राज्य की परिवहन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। लेकिन यह रातों-रात नहीं हुआ है, बल्कि इसके लिए पिछले 2 सालों से प्रयास चल रहे थे। जल्द ही हम अपने बेड़े का आकार और भी बढ़ाएंगे और हम सभी को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 1,300 बसों में से, लगभग 450 बसें राज्य के विशिष्ट क्षेत्रों को समर्पित होंगी, जिनमें नासिक-संभाजी नगर, नागपुर-अमरावती और मुंबई-पुणे क्षेत्र शामिल हैं।

# महाराष्ट्र परिषद अध्यक्ष चुनाव के लिए बीजेपी पार्षद राम शिंदे ने भरा नामांकन

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र में अब जल्द ही परिषद अध्यक्ष का चुनाव होने वाला है, जिसके लिए उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए आगे आ रहे है। इस बीच आज भारतीय जनता पार्टी के नेता ने परिषद अध्यक्ष चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान पार्षद राम शिंदे ने बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। चुनाव गुरुवार को होंगे और अगर राम शिंदे निर्वाचित होते हैं तो राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में शीर्ष पीठासीन अधिकारी का पद भाजपा के पास होगा। पिछले सप्ताह भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर को 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता रामराजे नाइक-निंबालकर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सात जुलाई 2022 से परिषद अध्यक्ष का पद रिक्त है।

### नामांकन के समय ये नेता मौजूद



नामांकन दाखिल करते समय शिंदे के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा नेता अजित पवार, भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और पार्टी नेता चंद्रकांत पाटिल मौजूद थे। शिंदे आठ जुलाई 2022 को राज्य विधान परिषद के सदस्य बने थे। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस सरकार (2014-19 तक) में मंत्री के रूप में कार्य किया था। शिंदे 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में करजात जामखेड विधानसभा सीट पर राकांपा (एसपी) नेता रोहित पवार से मामूली अंतर से हार गए थे। पवार ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भी उन्हें हराया था।

# अमित शाह की टिप्पणी पर भड़के प्रकाश आंबेडकर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

संसद में अमित शाह की बाबा साहेब आंबेडकर वाली टिप्पणी पर सियासत गर्म हो गई है। विपक्षियों ने अमित शाह और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अमित शाह के बयान को लेकर महाराष्ट्र में भी विपक्षी दलों ने आरोप लगाना शुरू कर दिया है।



### परभणी हिंसा के गिरफ्तार व्यक्ति की मौत पर मुआवजा देने की मांग

इस बीच, वीबीए प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की। सूर्यवंशी की कथित तौर पर न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। उन्हें संविधान की प्रतिकृति के अपमान को लेकर परभणी शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

### 'भाजपा की पुरानी मानसिकता आई सामने'

बाबासाहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संविधान निर्माता पर टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की "वही पुरानी मानसिकता' को दर्शाती है। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कई सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि शाह भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगें। उन्होंने दावा किया कि यह टिप्पणी बी आर आंबेडकर का अपमान है। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि शाह सार्वजनिक रूप से और संसद में माफी मांगें। वंचित बहुजन आघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने पुणे में संवाददाताओं से कहा कि "भाजपा के अस्तित्व में आने से पहले, इसके पूर्ववर्ती जनसंघ और आरएसएस ने संविधान को अपनाए जाने के समय बाबासाहेब का विरोध किया था।"

**मध्य रेल**

**हिताची टीएम स्टेटर के पुनर्वास के लिए विभिन्न सहायक कर्तव्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या - एनके/टीएमडब्ल्यू/डीआरजी/535/टी/08/2024-25**
**दिनांक 17-12-2024**

**कार्य का नाम** – टीएमडब्ल्यू में हिताची डीसी टीएम स्टेटर के पुनर्वास के लिए विभिन्न सहायक कर्तव्य।, **निविदा मूल्य** - रु. 7,97,200/– (अनुमानित), **निविदा बंद होने की तीथि तथा समय** – दि. 10-01-2025 को 15.00 बजे, **निविदा डाउनलोड/अपलोड के लिए वेबसाईट** - अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं।

SUN 622 **कर्षश मशीन कारखाना, नाशिक रोड**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**कोचों की सीटों और बर्थों की लोडिंग और अनलोडिंग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013, आमंत्रित करते हैं **ई-टेंडर सूचना संख्याः WR-PL-ME-EST-565669, दिनांकः 13.12.2024. कार्य का नाम और उसका स्थानः** कैरिज रिपेयर वर्कशॉप में POH के दौरान कोचों की सीटों और बर्थों की लोडिंग और अनलोडिंग। **अनुमानित लागतः** 38,99,094.06 (जीएसटी सहित). **ईएमडीः** 78,000/-.**ई-टेंडर को ऑनलाइन जमा करने और खोलने की अंतिम तिथि और समयः** 15.01.2025 को 13:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0853

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

# पश्चिम रेलवे ने मनाया नागरिक सुरक्षा दिवस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे की नागरिक सुरक्षा इकाई ने बुधवार को महालक्ष्मी स्थित वेस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने ध्वजारोहण किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने उपस्थित रेलवे अधिकारियों, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए समुदाय की क्षमता निर्माण और आपातकालीन परिस्थितियों में मदद करने की दिशा में स्वयंसेवकों के योगदान को जारी रखने का आह्वान किया।





### 8 टुकड़ियों ने औपचारिक परेड प्रस्तुत की

कार्यक्रम में एक महिला टुकड़ी सहित कुल 8 टुकड़ियों ने औपचारिक परेड प्रस्तुत की। उन्होंने हवाई हमले, बम विस्फोट जैसी आपातकालीन स्थितियों में बचाव और राहत कार्यों में उपयोग की जाने वाली तकनीकों और कौशल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, कोच में आग बुझाने के लिए फायर-बॉल का उपयोग करते हुए एक फायर ड्रिल का भी प्रदर्शन किया गया।

### विभिन्न मंडलों और वर्कशॉप्स के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों और वर्कशॉप्स के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने आपात स्थितियों और आपदाओं के दौरान नागरिकों और संपत्ति की सुरक्षा के प्रति अपनी तत्परता को प्रदर्शित किया।

### नुक्कड़ नाटक का आयोजन

इसके अलावा, लेवल क्रॉसिंग फाटकों पर जागरूकता फैलाने और ट्रेसपासिंग को रोकने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक मिश्र ने नागरिक सुरक्षा गतिविधियों और विभिन्न उपकरणों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन पश्चिम रेलवे के उप महाप्रबंधक (सामान्य) और नागरिक सुरक्षा नियंत्रक श्री उज्ज्वल देव द्वारा किया गया।

**पश्चिम रेलवे विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | चलने का दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09001 | मुंबई सेंट्रल - भिवानी | मंगलवार और शुक्र | 17.01.2025 |
| 09002 | भिवानी-मुंबई सेंट्रल | बुधवार और शनिवार | 18.01.2025 |
| 02133 | बांद्रा टर्मिनस - जबलपुर | शनिवार | अगली सलाह तक |
| 02134 | जबलपुर - बांद्रा टर्मिनस | शुक्रवार | अगली सलाह तक |

**ट्रेन संख्या 09001** की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग खुली है और ट्रेन संख्या **02133 की बुकिंग 20.12.2024** को पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। रुकने के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएं।

# तीसरे दिन विपक्ष ने विधान भवन की सीढ़ियों पर किया प्रदर्शन

## किसानों के मुद्दों को लेकर मचाया बवाल

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। आज सत्र शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही विपक्ष के कठोर स्वर सदन में गूंज उठे। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर किसानों के मुद्दे उठाते हुए प्रदर्शन कर दिया।महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर किसानों के प्रति उदासीनता और उन्हें फसल उत्पादन का पर्याप्त मूल्य नहीं देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को लगातार तीसरे दिन विधान भवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार को नागपुर में शुरू हुआ था।

बुधवार को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे, शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु और भास्कर जाधव, कांग्रेस नेता नाना पटोले, नितिन राउत, भाई जगताप समेत विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के सदस्यों ने विधान भवन की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया।



### धान किसानों को बोनस की बात

उन्होंने नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है तथा सोयाबीन और कपास की फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मूल्य नहीं दे रही। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता दानवे ने मांग की कि धान किसानों को बोनस दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कपास और सोयाबीन किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त मूल्य नहीं मिल रहा । पिछले दो दिनों में, एमवीए सदस्यों ने किसानों की समस्याओं, पिछले सप्ताह परभणी में हुई हिंसा और बीड जिले में एक सरपंच की हत्या सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य में भाजपा नीत महायुति सरकार पर निशाना साधा।

### अजित पवार हुए स्वस्थ

अजित पवार आज विधानसभा के कार्य में हिस्सा लेने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अजित पवार को गले में संक्रमण हुआ था, अब वे स्वस्थ हुए। इसलिए उन्होंने दो दिन तक तबीयत खराब होने के कारण आराम किया। इसके चलते वह सत्र से अनुपस्थित रहे। लेकिन, अब दो दिन बाद अजित पवार विधानमंडल में प्रवेश करने जा रहे हैं। इससे पहले तक उनके बंगले पर मिलने के लिए कई कार्यकर्ताओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पी/दक्षिण**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)**

सहायक आयुक्त पी/दक्षिण वार्ड द्वारा एमएमआरडीए स्वच्छ मुंबई प्रबोधन अभियान (वस्ती स्वच्छता योजना) के कार्य के लिए दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 30 जून, 2025 तक 06 महीने की अवधि के लिए लाख मुहरबंद रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) आमंत्रित की जाती है।

पात्र संस्थाओं की सूची तैयार करने और लॉटरी प्रणाली द्वारा चयन करने के लिए पी/साउथ वार्ड की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर पंजीकृत इच्छुक एनजीओ संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक एनजीओ संस्थाएं एमसीजीएम पोर्टल साइट http:/portal.megm.gov.in पर उक्त रुचि की अभिव्यक्ति (ईओ) के बारे में विवरण प्राप्त कर सकती हैं या ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) पी/साउथ के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

नियम और शर्तों के विवरण के साथ रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) की प्रति ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) पी/साउथ के कार्यालय में दिनांक 19 दिसंबर, 2024 से दिनांक 24 दिसंबर, 2024 के दौरान सुबह 11:00 बजे से निःशुल्क उपलब्ध होगी। और ईओआई आवेदन जमा करते समय, जांच शुल्क रसीद की एक प्रति 660/- + 18% जीएसटी संलग्न किया जाना है। इस मामले में सहायक आयुक्त पी/दक्षिण का निर्णय अंतिम और सभी पर बाध्यकारी होगा।

निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर, 2024 शाम 4:00 बजे तक है।

हस्ता./-
सहा.आयुक्त(पी/दक्षिण)

पीआरओ/2007/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




संपादकीय

# जश्न में फायरिंग

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि विवाह आदि खुशी के मौके पर जानलेवा फायरिंग से मातम का माहौल बनने की तमाम घटनाओं के बावजूद इस बुराई पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। विगत में ऐसी अनेक घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई और परिवारों के लिये जीवनभर का दुख छोड़ गए। इस बाबत कई बार अदालतों ने सख्त टिप्पणियां की और सामाजिक स्तर पर भी आवाजें उठी। लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात ही रहे। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा में ऐसी ही तीन दर्दनाक घटनाएं इस आत्मघाती लापरवाही से सामने आईं। जो इस घातक प्रथा के गंभीर परिणामों को ही उजागर करती हैं। ऐसी ही एक घटना में हरियाणा के चरखी दादरी इलाके में एक बारात के दौरान तेरह साल की एक किशोरी की दर्दनाक मौत हर्ष फायरिंग में हो गई। साथ ही उसकी मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। ऐसे ही एक अन्य वाकये में फिरोजपुर में, एक दुल्हन तब गंभीर रूप से घायल हो गई, जब उसके भाई ने विदाई समारोह के दौरान लापरवाही से पिस्तौल चला दी। वहीं दूसरी ओर अमृतसर में ऐसी ही एक घटना सामने आई जब एक रिसॉर्ट में आयोजित विवाह समारोह में एक महिला हर्ष फायरिंग से घायल हो गई। निश्चित रूप से संवेदनहीनता से उपजी त्रासदियों को रोकने के लिये तत्काल कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। यकीनी तौर पर इस कुप्रथा को रोकने के लिये जो गंभीर पहल समाज की ओर से होनी चाहिए, वह होती नजर नहीं आ रही है। इन हालात में एक आशा की किरण तब जगी जब सर्वजातीय अठगामा खाप ने जश्न के दौरान होने वाली हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सामाजिक स्तर पर लिया। निश्चित रूप से खाप पंचायत का यह निर्णय स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। उसने चरखी दादरी की दुर्घटना में किशोरी की मौत के बाद यह प्रतिबंध लगाया है।

निस्संदेह, खाप पंचायत की ओर से इस बुराई को दूर करने की यह कोशिश उसके सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। खाप ने फैसला लिया है कि ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवायी जाएगी। उस व्यक्ति या परिवार पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार भी होगा। वक्त की नजाकत को समझते हुए लिया गया खाप का यह फैसला इस खतरनाक परिपाटी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को ही दर्शाता है। इस जानलेवा फायरिंग के खतरों को महसूस करते हुए जागरूकता अभियान चलाने का फैसला भी खाप की ओर से लिया गया, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस पहल की जा सके। निस्संदेह, समाज में इस घातक दिखावे की सोच बदलने हेतु खाप की रचनात्मक पहल से शादियों व अन्य खुशी के अवसरों पर बंदूकों के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा। उम्मीद करें कि पंजाब व हरियाणा में विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस घातक प्रथा को समाप्त करने के खाप के सामूहिक संकल्प से प्रेरणा मिलेगी। बेहतर हो कि खाप की पहल का अनुपालन हो। हालांकि, सामाजिक स्तर पर यह जमीनी प्रयास महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को भी इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम व हाईकोर्ट बार-बार जश्न मनाने में गोलीबारी की अवैधता व खतरों की ओर ध्यान दिलाते रहते हैं। साथ ही इसे जीवन के प्रति लापरवाही से उपजा खतरा बताते रहे हैं। बल्कि यहां तक कि कोर्ट ने ऐसे कृत्यों में गैर इरादतन हत्या की कोशिश के रूप में कार्रवाई किये जाने की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर बंदूक से जुड़े नियमों को भी सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही कानूनों के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त बंदूक लाइसेंसिंग मानदंडों के अतिक्रमण के मामलों को रोकने के लिये सुरक्षा प्रोटोकॉल की शिक्षा दी जानी अनिवार्य की जानी चाहिए। लोगों को जागरूक होकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी उत्सव में हर्ष फायरिंग जैसी त्रासदियों की छाया से मुक्त होकर खुशियों के पल बरकरार रहें।

# आर्थिक रोडमैप के साथ दिल्ली से लौटे दिसानायके



पुष्परंजन

सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि कॉमरेड दिसानायके ने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के लिए भारत को चुना। इससे हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा आएगी।' मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। दिसानायके की पार्टी, 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की मार्क्सवादी विचारधारा में जड़ें होने के कारण नई दिल्ली में कुछ चिंताएं पैदा हुई थीं, कि उनका झुकाव चीन की ओर होगा। लेकिन, कोलंबो में 'सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स' के कार्यकारी निदेशक पैकियासोथी सरवनमुट्टू के अनुसार, 'नई दिल्ली को अपना पहला विदेशी पड़ाव बनाकर उन्होंने संकेत दिया, कि भारत वास्तव में हमारा सबसे करीबी सहयोगी होगा। यह इस यात्रा का प्रतीकात्मक आयाम है।' सबसे दिलचस्प यह है कि दिसानायके की रविवार से आरम्भ तीन दिवसीय भारत यात्रा पर चीन से अधिक, अमेरिका की नज़र रही है।

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की दिल्ली यात्रा से दस दिन पहले, दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के अमेरिकी सहायक मंत्री डोनाल्ड लू, अमेरिकी वित्त विभाग में एशिया-प्रशांत के उप सहायक मंत्री रॉबर्ट कैप्रोथ, और अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) में एशिया ब्यूरो की उप सहायक प्रशासक अंजलि कौर कोलम्बो आये, और उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या, विदेश रोजगार-पर्यटन मंत्री विजिता हेराथ के साथ चर्चा की। अंजलि कौर ने यूएसएआईडी परियोजनाओं को अमल करने में अमेरिकी रुचि का इज़हार किया। मतलब, अमेरिका ने बता दिया कि हिन्द महासागर में श्रीलंकन सहयोग हमें मिलते रहना चाहिए।

सोमवार को नई दिल्ली में दिसानायके का दिया बयान महत्वपूर्ण है, 'हमने दो साल पहले एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना किया था, और भारत ने उस दलदल से बाहर निकलने में हमारा भरपूर समर्थन किया था।' इस समय श्रीलंका के लिए लाइन ऑफ़ क्रेडिट (देय भुगतानों) से निपटना सबसे बड़ी चुनौती है। दिसानायके ने इसके लिए 20.66 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता देने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया, जिससे उस पर ऋण बोझ काफी कम हो गया। नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा, 'हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमारी भूमि का किसी भी तरह से उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, जो भारत के हित के लिए हानिकारक हो।' श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा, 'मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत को हमारा समर्थन और सहयोग निरंतर मिलेगा।' सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक सरवनमुट्टू के अनुसार, 'श्रीलंका को भारत और चीन के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन दिसानायके बहुत व्यावहारिक हैं। वे कट्टर वामपंथियों की तरह विचारक नहीं हैं। वह जानते हैं कि भारत उसका सबसे करीबी और मुसीबत में मददगार पड़ोसी है। चीन भी श्रीलंका में होगा।' लेकिन इस सवाल पर कि क्या चीन को बड़ी हिस्सेदारी मिलेगी? सरवनमुट्टू बोलते हैं, 'मुझे नहीं लगता, कि ऐसा जरूरी होगा।'

राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की यात्रा से पहले, कोलंबो की ओर से स्पष्ट किया गया कि अडानी समूह द्वारा विकसित किए जा रहे बंदरगाह परियोजना को हमें आगे बढ़ाना है। इससे पहले दिसानायके के कार्यालय ने कहा था, कि हम अडानी परियोजना की समीक्षा करेंगे, क्योंकि हमसे यह छिपाया था कि भारत में एक विशाल सौर ऊर्जा परियोजना को कथित तौर पर 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना के तहत सुविधा प्रदान की जा रही थी।

बहरहाल, 'अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड' के शेयर मंगलवार सुबह से चर्चा में हैं। क्योंकि, अडानी समूह की इस कंपनी ने कहा है कि वह अमेरिकी फंडिंग की मांग नहीं करेगी। इसके बजाय, श्रीलंकाई बंदरगाह परियोजना के लिए अपने संसाधनों का इस्तेमाल करेगी। अडानी पोर्ट्स ने कहा कि श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, और अगले साल की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। अडानी पोर्ट्स ने कहा, 'हमने डीएफसी से वित्तपोषण के लिए अपना अनुरोध वापस ले लिया है।'

अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ अनिल सरदाना ने बताया, 'श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों मन्नार और पूनरी में 500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना प्रगति पर है।' मंगलवार को श्रीलंकाई कैबिनेट द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा इकाई अडानी ग्रीन एनर्जी को फरवरी, 2023 में 442 मिलियन डॉलर निवेश करने, और मन्नार शहर और पूनरी गांव में 484 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र विकसित करने की मंजूरी मिली थी, जो दोनों श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में स्थित हैं।'

भारत, श्रीलंका में राष्ट्रीय एकता के निर्माण में भी प्रमुख भूमिका निभा सकता है। इस वास्ते तमिल नेताओं के साथ निरंतर संवाद करना चाहिए। तमिल नेता भड़काऊ बयान देने से बचें, यह प्रयास हो। दक्षिण में कुछ अतिवादी नेता हैं, जिन्होंने अतीत में भारत-श्रीलंका के बीच सम्बन्ध ख़राब किये हैं। राष्ट्रपति दिसानायके को उन पर लगाम लगानी चाहिए, क्योंकि उन्होंने नस्लवाद या धार्मिक अतिवाद को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का वादा किया है।

जीवन मंत्र


# खुशी और अपराध बोध

अमृत साधना

> बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मुझे कभी समझ में नहीं आया कि जब मैं खुश होता हूं, तो आंसू क्यों आ जाते हैं? मैं हमेशा इसके बारे में दोषी महसूस करता था।

हर कोई खुश रहना चाहता है, लेकिन जैसे ही खुशी पैदा होती है, उस पर अपराध बोध का साया मंडराने लगता है। यह एक सामान्य अनुभव है, हो सकता है कि यह इतना प्रकट न हो, लेकिन गुप्त रूप से खुशी की भावना के साथ अपराध बोध घर कर ही जाता है। इसलिए लोग इसे छिपाने की कोशिश करते हैं। वे लगभग शर्मिंदा होते हैं कि दुख से भरी दुनिया में वे खुश रहने की हिम्मत कर रहे हैं। वे उस आनंद को 'मिस' करते हैं, जो खुशी अपने साथ लाती है।

यह विरोधाभास जीवन को नकारने वाले धर्मों का अवशेष है, और ऐसा केवल भारत में नहीं है, पूरी दुनिया में यही स्थिति है। ऑस्ट्रिया के एक लंबे, छरहरे और हंसमुख चिकित्सक जॉर्ज इसका ताजा उदाहरण हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मुझे कभी समझ में नहीं आया कि जब मैं खुश होता हूं, तो आंसू क्यों आ जाते हैं? मैं हमेशा इसके बारे में दोषी महसूस करता था। मैं उलझन में था कि अपराध बोध क्या इसलिए होता है कि मुझे खुशी होती है या इसलिए कि मेरे आंसू बहते हैं? इस बात ने मेरी खुशी को खत्म कर दिया। इत्तफाक से मुझे एक मित्र से ऑस्ट्रियाई भाषा



में ओशो की एक किताब मिली, जिसका नाम था फीयर्स, यानी भय। किताब में खुशी को लेकर होने वाले अपराध बोध पर एक पूरा परिच्छेद है। इसको पढ़कर मैं इस बात से प्रभावित हुआ कि कैसे जटिल विषयों को भी आसानी से हल किया जा सकता है। मेरा भ्रम छू मंतर हो गया।'

उन्होंने आगे बताया, 'जब मैं बच्चा था और खुशी से उछलता-कूदता रहता, तो मुझे खामोश रहने के लिए कहा जाता था। न केवल मुझे, बल्कि सभी खुश बच्चों को उनके बड़ों द्वारा डांटा जाता था। मुझे लगता कि मेरी खुशी में कुछ गड़बड़ है। फिर भी मैं खुश महसूस करता रहा। इसके विपरीत, जब मैं तेज बुखार से तड़पता था, तो हर कोई मेरे पास आकर कहता, बेचारा जॉर्ज, तुम बीमार हो, तुम्हें क्या चाहिए बच्चे? हर कोई देखभाल करता और मेरे प्रति स्नेह जताता। इसलिए मैंने सीखा कि खुश रहने और डांट खाने से बेहतर है कि बीमार रहो और सबकी सहानुभूति पाओ।'

यह दमन जॉर्ज के मन में इतने गहरे तक उतर गया कि जब उन्हें अंदर से अच्छा महसूस होता था, तब आंसू भी निकल आते थे, जैसे वह कुछ गलत कर रहे हों। जब एक बच्चे को खुशी व्यक्त करने की अनुमति नहीं दी जाती है, तो दबी हुई ऊर्जा आंसू बन जाती है। अजीब बात है कि जब आप दुखी होते हैं, तब यह अपराध बोध उत्पन्न नहीं होता। अगर बचपन में प्रसन्नता को बढ़ावा दिया जाए, तो अधिकतर लोग खुश रहने लगेंगे।

जीवन ऊर्जा

प्रतिभा देवीसिंह पाटिलः जन्म 19 दिसंबर 1934 | जन्म

> प्रतिभा देवीसिंह पाटिल एक भारतीय राजनीतिज्ञ और वकील हैं। उनका जन्म 19 दिसंबर 1934 में हुआ। उन्होंने 2007 से 2012 तक भारत के 12वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वे भारत की राष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक सदस्य, उन्होंने पहले 2004 से 2007 तक राजस्थान के राज्यपाल के रूप में कार्य किया और 1991 से 1996 तक लोकसभा की सदस्य रहीं।

# भ्रष्टाचार विकास और सुशासन का दुश्मन है

भ्रष्टाचार विकास और सुशासन का दुश्मन है, इससे छुटकारा पाना चाहिए। इस राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार और जनता दोनों को एक साथ आना चाहिए।

हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता गरीबी, भुखमरी और कुपोषण, बीमारी और निरक्षरता को दूर करना है। सभी सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को कुशलता से लागू किया जाना चाहिए। सेवाओं के वितरण में शामिल एजेंसियों में कर्तव्य की एक मजबूत भावना होनी चाहिए और एक पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त



कार्य करना चाहिए समयबद्ध और जवाबदेह तरीके से। भारत अपने संयम और ज्ञान, संतुलित और समझदार सोच के लिए जाना जाता है। हमें मजबूत संस्थानों की जरूरत है और हमें देश में सुशासन की जरूरत है। वित्तीय संस्थान, कॉर्पोरेट जगत और नागरिक समाज-सभी को अपने काम में सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए।

केवल सरकार और उसके लोगों के बीच एक वास्तविक साझेदारी ही न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि सदन की मर्यादा और गरिमा हर समय बरकरार रहे। जनता के मन में संसद की छवि ऐसी होनी चाहिए, जहां रचनात्मक और सहयोग के माध्यम से मुद्दों को हल करने की दृष्टि से कार्यवाही, बहस और चर्चा हो।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कृष्ण और सुदामा की मित्रता

(भाग 2)

कृष्ण मुस्कुराए, सुदामा ने तो वह कार्य किया है सत्यभामा कि समस्त सृष्टि को उसका आभार मानना चाहिए। वो चने उसने इसलिए नहीं खाये थे कि उसे भूख लगी थी, बल्कि उसने इसलिए खाये थे, क्योंकि वो नहीं चाहता था कि उसका मित्र कृष्ण दरिद्रता देखे। उसे ज्ञात था कि वे चने आश्रम में चोर छोड़कर गए थे और उसे यह भी ज्ञात था कि उन चोरों ने वे चने एक ब्राह्मणी के गृह से चुराए थे। उसे यह भी ज्ञात था कि उस ब्राह्मणी ने यह श्राप दिया था कि जो भी उन चनों को खायेगा वह जीवन पर्यंत दरिद्र ही रहेगा।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुदामा ने वे चने इसलिए मुझसे छुपा कर खाये ताकि मैं सुखी रहूँ वो मुझे ईश्वर का कोई अंश समझता था तो उसने वे चने इसलिए खाये, क्योंकि उसे लगा कि यदि ईश्वर ही दरिद्र हो जायेगा तो संपूर्ण सृष्टि ही दरिद्र हो जायेगी।

सुदामा ने संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए स्वयं का दरिद्र होना स्वीकार किया।

इतना बड़ा त्याग रुक्मिणी के मुख से स्वतः ही निकला।

मेरा मित्र ब्राह्मण है रुक्मिणी और ब्राह्मण ज्ञानी और त्यागी ही होते हैं उनमें जनकल्याण की



भावना कूटकूट कर भरी होती है। इक्का दुक्का अपवादों को यदि छोड़ दिया जाए तो ब्राह्मण ऐसे ही होते हैं।

अब तुम ही बताओ ऐसे मित्र के लिए हृदय में प्रेम नहीं तो फिर क्या उत्पन्न होगा। प्रिये गोकुल छोड़ते हुए मैं इसलिए नहीं रोया था, क्योंकि यदि मैं रोता तो मेरी मैया तो प्राण ही छोड़ देती, परंतु मेरे मित्र के ऐसे पाँव देखकर उनमें ऐसे घावों को देखकर मेरा हृदय भर आया।

रुक्मिणी उसके पाँवों में ऐसे घाव और जीवन में उसकी ऐसी दशा मात्र इसलिए हुई, क्योंकि वह अपने इस मित्र का भला चाहता था। पता है रुक्मिणी, परिवार को छोड़कर किसी और ने कभी इस कृष्ण का इतना भला नहीं चाहा। लोगबाग तो मुझसे उनका भला करने की अपेक्षा रखते हैं बस सुदामा जैसे मित्र ही होते हैं जो अपने मित्र के सुख के लिए स्वेच्छा से दरिद्रता एवं कष्ट का आवरण ओढ़ लेते हैं।

ऐसे मित्र दुर्लभ होते हैं और न जाने किन पुण्यों के फलस्वरूप मिलते हैं। अब ऐसे मित्र को यदि त्रिलोक की समस्त संपदा भी दे दी जाए तो भी कम होगा कृष्ण अपने भावुकता से भर्राये हुए स्वर में बोले-इधर कक्ष में समस्त रानियों के नेत्र सजल थे और उधर कक्ष के बाहर चुपचाप खड़े सुदामा के नेत्रों से गंगा यमुना बह रही थीं।

**हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे।**
**हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥**

शख्सियत | अशफाक उल्ला खां

# स्वतंत्रता और साझी विरासत के पैरोकार थे अशफाक



> अशफाक उल्ला खां भारत मां का वो बहादुर लाल हैं जो युवाओं के हौसलों में, उत्साह में, क्रांति के नवाचार में आज भी जिन्दा हैं। देश के लिए शहादत देने वाले अशफाक उल्ला खां हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे और एकता की मिसाल कायम रखने वाले प्रतीक बन आज भी प्रासंगिक हैं।

आजादी की खुली हवा में खुल कर सांस लेना, चौराहे पर खड़े होकर बेबाकी से अपनी बात रखना, अपनी मर्जी से पूरी आस्था के साथ अपने धर्म का पालन करना, रस्में निभाना, उत्सव मनाना बेशक आज आम बात लगे लेकिन गुलामी से आजादी तक का मुश्किल सफर हमारी पीढ़ी ने नहीं जिया। हमने किताबों में पढ़ा है कुछ ख़ास दिनों में जिया है। यह सब खुशनुमा माहौल, यह खूबसूरत विरासत जिस पर हम अपना दावा पेश करते हैं, जिसने आज चांद पर पानी की तलाश शुरू कर दी है, मंगल पर जीवन की तलाश पर लगा है, सब की सब कर्जदार है उन वीर सपूतों की जिन्होंने बिना किसी मोह माया के अपने परिवार को असुरक्षित छोड़ कर भारत की हिफाजत के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। फांसी के फंदे पर ऐसे शान से चढ़े जैसे कोई अपनी शादी में घोड़ी न चढ़े। वीरों के इस लम्बी फेहरिस्त में एक नाम भारत मां के लाल अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का भी आता है। ईमान जिसकी दौलत और आजाद भारत देखना जिसकी एकमात्र ख्वाहिशों की मंजिल थी। 22 अक्तूबर सन 1900 ई. में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में स्थित शहीद गढ़ में मोहम्मद शफीक उल्ला और महरूननिशा के घर एक असाधारण प्रतिभा के धनी बालक ने जन्म लिया। बचपन से ही पढ़ने-लिखने में उस बालक का ज्यादा मन न लगा शायद छोटी उम्र में कुछ बहुत बड़ा करने का इरादा था उसका। यह वो दौर था जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। किसी को नहीं पता था कि अंग्रेजी हुकूमत कब तक भारतीयों को अपनी ही धरती पर गुलाम बनाकर रखेगी। देश 1857 का संग्राम देख चुका था, अंग्रेजों की बदलती राजनीति और चालबाजी से वाकिफ हो चुका था। बालक अशफाक की बचपन से पसंद तैराकी, घुड़सवारी और निशानेबाजी में थी।

कविताएं लिखकर अपनी बात कहने का शौक था। कहते हैं हसरत उपनाम से उन्होंने कविताएँ लिखी। जब महात्मा गांधी 9 जनवरी 1915 को भारत लौटे, भारतीय राजनीति एक नए मोड़ के लिए तैयार हो रही थी तब अशफाक उल्ला खां महज 15 वर्ष के रहे होंगे।

बाल्यकाल और युवा अवस्था की मध्य बेला में ही अशफाक देश में होने वाले आंदोलनों और क्रांतिकारी परिवर्तनों से प्रेरित होकर क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल से बहुत प्रभावित हुए और रामप्रसाद बिस्मिल से मिलने की ख्वाहिश और उनके साथ जुड़ने की जद्दोजहद में लग गए।

सक्सेस मंत्र

# खुद पर रखें विश्वास, मंजिलें करेंगी आपका इंतजार

एक युवक ने नामी यूनीवर्सिटी से ग्रैजुएशन की पढ़ाई पूरी की। उसमें स्वाभिमान कूट-कूटकर भरा था। उसने विश्वविद्यालय की शिक्षा भी अपने प्रयत्नों से, अपने श्रम से धन जुटाकर पूरी की और अब उसके पास कुछ भी पूंजी शेष न थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी खोजने लगा। कई महीने तक उसे नौकरी नहीं मिली। वह निराश हो गया। पैसे खत्म हो जाने के कारण उसे दो दिन से खाना भी नहीं मिल पाया था और किराया न दे पाने की वजह से उसे अपना कमरा भी छोड़ना पड़ा। अब वह रात में पार्क की बेंच पर सोने लग गया था। उसे निराशा ने घेर लिया और अपना जीवन बेकार लगने लगा। वह नौकरी के लिए जहाँ भी जाता, नौकरी न मिलती। अंत में निराश होकर उसने नौकरी ढूंढ़ना ही छोड़ दिया। उसे लगा कि उसके भविष्य में प्रकाश की एक किरण भी बाकी नहीं बची। उसके कपड़े भी फटने लग गए थे। पैसों की कमी और भूख के कारण उसकी दशा बहुत ज्यादा खराब हो गई थी। इस वजह से नौकरी के लिए इंटरव्यू में जाने का आत्मविश्वास भी उसमें नहीं बचा था। काफी कोशिशों के बाद उसे एक रद्दी से होटल में बर्तन मांजने की नौकरी मिली। इससे उसे खाना तो जैसे-तैसे मिलने लगा, लेकिन सोने के लिए अब भी उसे बाग में पड़ी बेंच का सहारा लेना पड़ता था। एक रात वह अपने भविष्य की चिंता में लेटा हुआ था कि अचानक उसे आसमान में मोटे-मोटे लाल अक्षरों में लिखा दिखाई दिया– 'अपने पर विश्वास रखो।' सारी रात वह सो नहीं सका। व्याकुलता से वह सुबह होने की प्रतिक्षा करने लगा। सुबह होते ही उसने अपने मन में वह बात पुनः दोहराई – 'अपने पर विश्वास रखो।' वह उठा और नदी किनारे गया। वहां जाकर उसने हाथ-मुंह धोकर अच्छी तरह दाढ़ी बनाई। उसके बाद वह एक मोची के पास गया और उससे बूट पॉलिश मांगकर अपने जूतों को चमकाया। तब मन में दृढ-संकल्प के साथ नौकरी खोजने लगा।


अब वह किसी कार्यालय में जाता तो उसका स्वागत होता था। अब वह चोर नहीं लग रहा था। उसके वस्त्र विशेष अच्छे नहीं थे, पर उसके मुख पर आत्मविश्वास की झलक थी। वह जो कहता था, उससे भी आत्मविश्वास झलकता था। सौभाग्य से उसे नौकरी मिल गई। नौकरी उतनी अच्छी न थी, जितनी वह चाहता था या इच्छा करता था, लेकिन फिर भी काफी अच्छी थी। सबसे बड़ी बात यह थी की वह अपनी समस्या को सुलझाने में सफल हो गया था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# AIIMS INI SS January 2025: एम्स आईएनआई एसएस जनवरी 2025 काउंसलिंग शेड्यूल जारी

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ने एम्स आईएनआई एसएस जनवरी 2025 काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार डीएम/एमसीएच/एमडी (एचए) कोर्सेज जनवरी 2025 सेशन काउंसलिंग शेड्यूल को चेक करना चाहते हैं, वे इसे एम्स की आधिकारिक वेबसाइट **aiimsexams.ac.in** पर जा सकते हैं। काउंसलिंग शेड्यूल के अनुसार, च्वॉइस फिलिंग प्रक्रिया 16 दिसंबर से शुरू हो चुकी है और 22 दिसंबर 2024 तक चलेगी। इसके बाद राउंड 1 सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 26 दिसंबर 2024 को जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को 27 से 31 दिसंबर 2024 का समय इंस्टीट्यूट को स्वीकार करने के लिए दिया जाएगा। आवंटित कॉलेज या इंस्टीट्यूट में रिपोर्टिंग करने का समय 27 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 है। राउंड 2 सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 16 जनवरी 2025 को जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को 17 से 23 जनवरी 2025 का समय आवंटित इंस्टीट्यूट को स्वीकार करने के लिए दिया जाएगा। आवंटित कॉलेज या इंस्टीट्यूट में रिपोर्टिंग करने का समय 17 से 23 जनवरी 2025 होगा।


AIIMS Exams

ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110608
EXAMINATION SECTION
Notice for INI-SS for DM/MCH/MD(HA) Courses January 2025 session

AIIMS/EXAM.SEC./4-12/(INI-SS-January-2025)/2024 Dated: 13.12.2024

NOTICE No-166/2024

dule of Online Institute Allocation for admission to DM/M.Ch/MD(HA) courses of INIs for January 2025 session

hedule of online Institute allocation will be opened for admission to DM/M.Ch/MD(HA) courses of INIs for Januar ession as per details given below:

edule for 1st Round of Online Institute Allocation

| | |
|---|---|
| Exercising of Choices (Institute against applied subject/speciality) for First Round | From: 16.12.2024, 05.00 pm (Monday) to 22.12.2024 up to 05.00 pm (Sunday) |
| Announcement of Institute allocation of 1st Round | 26.12.2024 (Thursday) |
| Online Acceptance of allocated Institute | From: 27.12.2024, 11.00 am (Friday) to 31.12.2024 up to 05.00 pm (Tuesday) |
| Reporting & Submission of Documents/Security Deposit | From: 27.12.2024, 11.00 am (Friday) to 31.12.2024 up to 05.00 pm (Tuesday) |

dule for 2nd Round of Online Institute Allocation

### एम्स आईएनआई एसएस च्वॉइस फिलिंग कैसे करें

- सबसे पहले कैंडिडेट को ऑफिशियल वेबसाइट aiimsexams.ac.in पर जाना होगा।
- इसके बाद आपको एडमिशन लिंक पर क्लिक करना होगा और इसके बाद INI SS लिंक पर क्लिक करना होगा।
- इसके बाद आपको लॉगिन पेज पर लॉगिन डिटेल्स डालकर सबमिट करना होगा।
- इसके बाद आपको अपनी च्वॉइस फिलिंग करनी होगी और आप सबमिट कर दीजिए।
- इसके बाद कंफर्मेशन पेज डाउनलोड कर लीजिए।
- भविष्य के लिए इसका प्रिंट आउट निकाल लीजिए।

# आरआरबी टेक्नीशियन परीक्षा 2024

## एग्जाम से पहले जाने लें यह जानकारी

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) कल गुरुवार 19 दिसंबर, 2024 से आरआरबी टेक्नीशियन ग्रेड I और ग्रेड III पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन शुरू करेगा। आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती के लिए कुल 9 दिन 20,23,24,26,27,28,29 और 30 दिसंबर को परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

**जो भी परीक्षार्थी कल परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं उन्हें परीक्षा से पहले जरूरी बातों को जान लेना चाहिए-**

- आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन कंप्यूटर बेस्ड मोड (सीबीटी) के माध्यम से होगा और परीक्षा में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए कुल 90 मिनट का समय दिया जाएगा।
- गलत उत्तर देने पर 1/3 अंक नेगेटिव मार्किंग के रूप में काट दिए जाएंगे।
- सभी उम्मीदवारों को अपने साथ एडमिट कार्ड की हार्ड कॉपी और वैलिड फोटो आईडी प्रूफ ले जाना होगा।
- परीक्षा के दौरान यदि उम्मीदवारों को धोखाधड़ी, कदाचार, जालसाजी या प्रतिबंधित वस्तुओं का उपयोग करते हुए पाया गया तो उम्मीदवारों को जीवन भर के लिए सभी आरआरबी और आरआरसी परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए



आरआरबी कुल 9144 पदों पर भर्ती करेगा, जिनमें 1092 पद टेक्नीशियन ग्रेड I और 8052 पद टेक्नीशियन ग्रेड III के हैं। इस भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 9 मार्च से लेकर 8 अप्रैल, 2024 तक चली थी। टेक्नीशियन ग्रेड I के परीक्षा सिटी स्लिप 10 दिसंबर 2024 को जारी की गई थी। टेक्नीशियन ग्रेड III के परीक्षा सिटी स्लिप 15 दिसंबर 2024 को जारी की गई थी। परीक्षार्थी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट से अपने संबंधित हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं, जिसके तहत उन्होंने आवेदन किया है। ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

# IIT : BTech में कल्चर कोटे से भी दाखिले देगा आईआईटी

आईआईटी मद्रास अब कल्चर कोटे से भी बीटेक में एडमिशन देगा। शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2025-26 से होगी। पिछले साल यानी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से संस्थान ने बीटेक एडमिशन में ही स्पोर्ट्स कोटे की शुरुआत की थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्थान यूजी कोर्सेज दाखिले में सांस्कृतिक उत्कृष्टता कोटा (एफएसईई - फाइन आर्ट्स एंड कल्चर एक्सीलेंस) कोटा देने वाला देश का पहला आईआईटी बन गया है। एफएसईई कोटे के तहत बीटेक और बीएस की दो दो सीटों पर दाखिला दिया जाएगा। दो सीटों में एक सीट लड़कियों के लिए आरक्षित रहेगी। दूसरी सीट जेंडर न्यूट्रल होगी। संस्थान में बीटेक बीएस की कुल 34 सीटें इस कोटे से अलॉट होंगी। वी. कामकोटी ने कहा, 'आईआईटी मद्रास ने छात्रों की सांस्कृतिक और कलात्मक उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए यह नई पहल शुरू की है. यह कदम आईआईटी की शिक्षा व्यवस्था में विविधता और समृद्धि को बढ़ावा देगा।' आपको यह भी बता दें कि आईआईटी मद्रास देश का बेस्ट इंजीनियरिंग संस्थान है। भारत सरकारी की एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में यह पहले स्थान पर है।



### कैसे होगा एडमिशन

FACE कोटे से एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया जोसा (JoSAA) पोर्टल से अलग होगी। इसके लिए उम्मीदवारों को फेस पोर्टल (jeeadv.iitm.ac.in/face) पर आवेदन करना होगा। इसके बाद फेस रैंक लिस्ट (एफआरएल ) तैयार की जाएगी। छात्रों को उनकी कला और सांस्कृतिक उपलब्धियों के आधार पर अंक दिए जाएंगे। एडमिशन के लिए उम्मीदवार को जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर होना अनिवार्य होगा।



### FACE एडमिशन के लिए पॉइंट सिस्टम

वंस इन लाइफटाइम – 100
श्रेणी A – 75
श्रेणी B – 50

### जेईई एडवांस्ड संबंधी योग्यता

- सामान्य क्राइटेरिया के मुताबिक आईआईटी से बीटेक कोर्स करने के लिए जेईई एडवांस्ड एग्जाम क्रैक करना होता है। आईआईटी मद्रास के कल्चर कोटे से बीटेक में एडमिशन के लिए भी जेईई एडवांस्ड पास करना अनिवार्य है। उम्मीदवार को सामान्य रैंक सूची (सीआरएल) या संबंधित श्रेणी रैंक सूची में स्थान प्राप्त करना होगा। जोसा ( JoSAA ) के पात्रता नियमों पर भी खरा उतरना होगा।
- 12वीं में जेईई एडवांस्ड के पात्रता मानदंड के अनुसार न्यूनतम अंक होने चाहिए। यानी कम से कम 75 फीसदी अंक होना जरूरी होगा।
- उम्मीदवार भारतीय नागरिक या ओसीआई/पीआईओ होना चाहिए।
- उम्मीदवारों को नीचे दी गई आधिकारिक सूची में दी गई कला और सांस्कृतिक गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त होनी चाहिए।
- भारत सरकार से किसी कला के लिए जीवन में एक बार मिलने वाला पुरस्कार प्राप्त करना।
- श्रेणी ए या श्रेणी बी के अंतर्गत सूचीबद्ध मान्यता प्राप्त करना

इवेंट नेम व कैटेगरी

- महिला एवं बाल अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कला एवं संस्कृति के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार – एक बार
- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रचनात्मक प्रदर्शन, रचनात्मक कला, रचनात्मक चित्रकला में राष्ट्रीय बाल श्री सम्मान – एक बार
- युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कला/संस्कृति के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा पुरस्कार – एक बार
- संगीत नाटक अकादमी, भारत सरकार द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार – एक बार
- पिछले छह वर्षों के दौरान आकाशवाणी या दूरदर्शन, प्रसार भारती, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से सक्रिय बी–ग्रेड प्रमाणपत्र। – श्रेणी ए
- पिछले छह वर्षों में भारत सरकार द्वारा विदेश में भारतीय महोत्सवों में प्रदर्शन करने के लिए सूचीबद्ध कलाकार – श्रेणी ए
- युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति पुरस्कार (एसवाईए), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार श्रेणी ए
- स्टेज 4 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में पुरस्कार, जहां प्रस्तुति (कला और संस्कृति के क्षेत्र में) प्रधानमंत्री के समक्ष की जाती है श्रेणी ए
- सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति पुरस्कार (सीसीआरटी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।

## CBSE ने जारी किया नोटिस

# परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने के लिए इस प्रतियोगिता में लीजिए भाग




परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक छात्रों के लिए बहुत अच्छी खबर है। अब आप भी मात्र कुछ प्रश्नों का उत्तर देकर प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (**CBSE**) ने उन छात्रों के लिए अहम नोटिस जारी किया है जो परीक्षा पे चर्चा 2025 में शामिल होना चाहते हैं। छात्र नोटिस को आधिकारिक वेबसाइट **cbse.gov.in** पर जाकर चेक कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, बोर्ड ने सूचित किया है कि ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न, **MCQ** प्रतियोगिता **inovateindia1.mygov.in** पर आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता 14 दिसंबर, 2024 को शुरू हुई और 14 जनवरी, 2025 को समाप्त होगी। एमसीक्यू प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए है। अगर आप भी प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं तो आप अभी इस प्रतियोगिता में भाग लीजिए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों, माता-पिता और शिक्षकों को देश के प्रधानमंत्री को संबोधित करने के लिए अपने प्रश्न तैयार करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। जिन प्रश्नों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, वे कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। सके संबंध में, सीबीएसई ने स्कूलों से इस पहल को बढ़ावा देने के लिए नए उपाय अपनाने का अनुरोध किया है, जिसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता के बीच परीक्षा के तनाव को कम करना है। इन उपायों में कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग करना, स्कूल में प्रमुख स्थानों पर कार्यक्रम की रचनात्मकता को प्रदर्शित करना और ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता के लिए अधिकतम छात्रों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना शामिल है। परीक्षा पे चर्चा 2025 का आयोजन जनवरी 2025 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। यह पीपीसी का 8वां संस्करण है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों के सभी सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए माता-पिता और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृष** – बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**मिथुन** – यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। नए अनुबंध होंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है।

**कर्क** – दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें।

**सिंह** – यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** – व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। राजकीय काम बनेंगे। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी।

**तुला** – राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृश्चिक** – वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**धनु** – मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है।

**मकर** – व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।


**कुंभ** – आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है।

**मीन** – प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

# भाग्यशाली हाथ की पहचान

हाथ में कई ऐसी रेखाएं है जो हमारे जीवन की हमें सटीक जानकारी देती हैं। ऐसे व्यक्ति बहुत भाग्यशाली होते है। ऐसे व्यक्तियों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है । अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर भाग्य रेखा चंद्र माँ के क्षेत्र से प्रारम्भ होती है तो उस व्यक्ति का हर काम सफल होता है। और उसे अपने जीवन में मान-सम्मान भी खूब प्राप्त होता है। वही अगर किसी की हथेली पर भाग्य रेखा जीवन से प्रारम्भ हो, उस व्यक्ति को अपने जीवन में धन से संबंधित परेशानियों का कभी सामना नहीं करना पड़ता। हस्तरेखा हाथो की लकीरें हमारे जीवन के बारे में बहुत कुछ बताती है, पर कई लोग इस बात पर विश्वास नहीं करते। लेकिन हमारे हाथ में कई ऐसी रेखाएं है जो हमारे जीवन की हमें सटीक जानकारी देती है।



प्रियंका जैन
9769994439

हमारे शरीर में हर चीज़ हमें एक संकेत देती है। जैसे अगर हमें कोई चोट लग जाती है तो हमें हमारा दिमाग बताता है कि कहा चोट लगी है और वही पर दर्द हो हो रहा है। उसी प्रकार हमारे हाथो की लकीरें भी समय समय पर बदल जाती है। और हमें बताती है कि हमारे जीवन में कैसे बदलाव आ रहे है बस ज़रूरत है उन्हें समझने कि। अगर हम उन्हें समझ गए तो जीवन में कामयाब होने से कोई रोक नहीं पाएगा। हस्तशास्त्र में, हाथ के लकीरों कि व्याख्या कि गयी है।

क्रमशः

## खबर संक्षेप

### मध्यमेश्वर वार्ड के सपा पार्षद की पिटाई

**वाराणसी।** कबीरचौरा के राधा स्वामी बाग (मंडलीय अस्पताल) के पास मध्यमेश्वर वार्ड के सपा पार्षद भैयालाल यादव को कार सवार चार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। लोगों ने तीन युवकों को पकड़ कर कोतवाली थाने की पुलिस को सौंप दिया। भैयालाल यादव ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। भैयालाल यादव ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर में कबीरचौरा की ओर जा रहे थे। वह राधा स्वामी बाग के पास रुककर फोन पर बात कर रहे थे। तभी पीछे से कार सवार चार युवक आए और हॉर्न बजाने लगे। जब तक वह किनारे हटते तब तक कार से उतर कर चारों युवक उन्हें पीटने लगे। मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने कार सवार तीन युवकों को पकड़ लिया, जबकि एक युवक वहां से भाग निकला। इंस्पेक्टर कोतवाली दया शंकर सिंह ने बताया कि पार्षद के साथ मारपीट करने के मामले में बड़ा लालपुर के रहने वाले संतोष कुमार सिंह, ओंकार नाथ चोपड़ा और चिरईगांव के अभिषेक कुमार तिवारी को पकड़ा गया है। एक अन्य की तलाश है। चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### हेमंत सोरेन और मोदी सरकार आमने-सामने

**रांची।** हेमंत सरकार और मोदी सरकार झारखंड की बकाया राशि को लेकर आमने-सामने आ गई है। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये की विस्तृत जानाकारी केंद्र सरकार को कई बार दी जा चुकी है। फिर भी केंद्र की बीजेपी सरकार बार-बार से इसे नकारने में तुली है। यह हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है।

हेमंत सोरेन ने मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए झारखंड बीजेपी को भी लपेट लिया। उन्होंने झारखंड बीजेपी से यह मांग की कि उन्हें झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो यह साफ माना जाएगा कि वे इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है। दरअसल, झारखंड सरकार केंद्र सरकार से कोयला रॉयल्टी के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का दावा करती है। लेकिन केंद्र सरकार ने उसे ठुकरा दिया है। लोकसभा में बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बकाया पैसों का मुद्दा उठाया और पूछा कि केंद्र सरकार झारखंड का बकाया पैसा देने में देरी क्यों कर रही है।

# आजमगढ़ में लुटेरों के हौसले बुलंद

## बेखौफ बदमाशों व्यापारी से लूटे 3 लाख 92 हजार

एजेंसी | आजमगढ़

शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बदरका पुलिस चौकी अंतर्गत कटरा मोहल्ला निवासी गिलास पत्तल निवासी चंदन अग्रवाल के साथ बड़ा गणेश मंदिर के पास 3 लाख 92 हजार रुपए की लूट हुई है। पीड़ित चंदन ने बताया कि बैंक पैसा जमा करने के लिए निकला ही था कि गणेश मंदिर से लगभग 150 कदम की दूरी पर कोतवाली के सामने बंधे पर ही लूट हुई। बताते चलें कि इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी लेकिन बड़ा सवाल ये है कि अपराधी आखिर फरार कैसे हो गए। कोतवाली से थोड़ी दूरी पर लूट को अंजाम देने में भी पुलिस से नहीं डरे।



> सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। घटना के अनावरण के लिए टीमें लगा दी गई हैं। मेरे द्वारा खुद इसका सुपरविजन किया जा रहा है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-हेमराज मीना,** एसपी

### नगर कोतवाली से दो सौ मीटर दूर हुई घटना

बेखौफ बदमाशों ने बुधवार की दोपहर नगर कोतवाली से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर पत्तल कारोबारी से पैसे लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी हेमराज मीना सहित सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए और छानबीन में जुट गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी निवासी चंदन अग्रवाल की पत्तल दोना आदि की दुकान हैं। बुधवार की दोपहर वह तीन लाख 92 हजार रुपये बैंक में जमा करने के लिए निकले। उन्होंने काली पालीथिन में पैसे को रखकर उसे अपनी जैकेट में डाला हुआ था। जैसे ही वह बड़ा गणेश मंदिर से आगे बढ़े कुछ दूरी पर अचानक दो बाइक से आए बदमाशों ने उनकी बाइक को रोक लिया। इसके बाद उनमें एक बदमाश उनकी बाइक पर पीछे बैठ गया और उन्हें लेकर कोलघाट जाने वाली ढलान पर उतर गया। उसने उनके पास रखे पैसे छीन लिए और अपने साथियों के साथ बाइक पर बैठकर कोलघाट की ओर फरार हो गए। चंदन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस के नगर कोतवाली सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौका मुआयना किया। चंदन अग्रवाल ने बताया कि उनकी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उन्हें कुछ सटाया था। पैसा छीनने के बाद बदमाश ने बाइक की चाभी बगल में स्थित नाले में फेंक दिया और फरार हो गए।

चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

## गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज में माउथ कैंसर का सफल ऑपरेशन



गोरखनाथ। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) ने कॉलेज संचालन के शुरुआती दौर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की आंतरिक टीम ने किसी वाह्य विशेषज्ञ के बगैर, माउथ कैंसर से पीड़ित एक मरीज की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक करके उसे नवजीवन दिया है। माउथ कैंसर की जटिल सर्जरी करने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले कैंसर सर्जन डॉ. विनायक अग्रवाल ने बताया कि खलीलाबाद के रहने वाले राममिलन का माउथ कैंसर काफी गंभीर स्थिति में पहुंच गया था। उनके जबड़े में ट्यूमर भी बन गया था। कैंसर का असर गर्दन तक पहुंचने लगा था।

गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज की इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार और नेपाल तक के मरीजों को मिलेगा, अब उन्हें कैंसर की जटिल सर्जरी के लिए बड़े महानगरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

# कुछ दिनों तक नहीं गुजरेंगी अकबरपुर से ट्रेनें

**अंबेडकरनगर।** अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों के चलते कुछ दिनों तक अकबरपुर स्टेशन से होकर ट्रेनों का संचालन नहीं होगा। कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है तो कई ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। इससे एक पखवाड़े से अधिक समय तक यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के यार्ड के रिमॉडलिंग कार्य के चलते अयोध्या से अकबरपुर होते हुए जौनपुर तक यात्रियों को अगले कुछ दिनों तक मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे ने तय किया है कि 18 दिसंबर से वाराणसी बरेली एक्सप्रेस, लखनऊ वाराणसी एक्सप्रेस, मऊ आनंद विहार एक्सप्रेस, स्पेशल साबरमती एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनें निरस्त रहेंगी। दून एक्सप्रेस, किसान एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, इंदौर एक्सप्रेस, सरयू-यमुना एक्सप्रेस, दरभंगा-आनंद विहार एक्सप्रेस, गरीब नवाज एक्सप्रेस समेत छह से अधिक अन्य ट्रेनें अलग-अलग रूटों से डायवर्ट होकर जाएंगी। बुधवार से सियालदाह अप व डाउन, कैफियात अप व डाउन तथा साबरमती अप व डाउन ट्रेन नियमित आवागमन करेंगी, जबकि दो-तीन अन्य ट्रेनें साप्ताहिक आधार पर इस रूट से गुजरेंगी।




> रेलवे का जो निर्णय विकास कार्यों के चलते हुआ है, उसमें दिन के समय इधर से कोई ट्रेन नहीं गुजरेगी। यात्रियों को सभी जानकारी सुविधाजनक ढंग से दी जाए, इसका ध्यान रखा जाएगा।
>
> **- विनोद कुमार,** स्टेशन अधीक्षक

### बढ़ेंगी यात्रियों की दिक्कतें

ठंड के इस दौर में यात्रियों को अब बुधवार से दिक्कतें बढ़ना तय है। दिन में उन्हें ट्रेन की यात्रा करने के लिए अब लखनऊ, सुल्तानपुर या शाहगंज तक की दौड़ लगानी पड़ेगी। इसमें जहां समय अधिक लगेगा, तो वहीं आर्थिक चपत के साथ ही ठंड में आवागमन की मुश्किलें भी होंगी। यात्रियों को यह दिक्कत एक पखवाड़ा से अधिक समय तक रहेगी।


## महेन्द्र मलंगिया को मिला मैथिली भाषा का साहित्य अकादमी पुरस्कार

### प्रबंध संग्रह के लिए हुए सम्मानित


एजेंसी | पटना

महेन्द्र मलंगिया को साहित्य अकादमी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। महेंद्र मलंगिया भारत और नेपाल के सबसे सम्मानित नाटक लेखकों और थिएटर निर्देशकों में से एक हैं। वे पिछले चार दशकों से नाटक लिख रहे हैं और निर्देशित कर रहे हैं। मलंगिया द्वारा मैथिली भाषा में लिखी गई 'प्रबंध संग्रह' पुस्तक को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### कौन हैं महेन्द्र मलंगिया ?



महेन्द्र मलंगिया मधुबनी जिले के मलंगिया गांव के रहने वाले हैं। पहले उनका नाम महेंद्र झा था लेकिन बाद में उन्होंने अपना नाम महेंद्र मलंगिया रख लिया। मलंगिया बभनगामा गांव में शिक्षक था। वो भूगोल पढ़ाते थे। मलंगिया अब तक 13 नाटक लिख चुके हैं। उन्होंने कई रेडियो नाटक भी लिखे। महेन्द्र मलंगिया ने मिथिला नाट्य कला परिषद (MINAP) खोला, जिसे नाटकों का प्रयोगशाला कहा जाता है। महेन्द्र मलंगिया भारत ही नहीं नेपाल में भी कई सम्मान पा चुके हैं। पड़ोसी देश नेपाल के लगभग सभी उत्कृष्ट सम्मान से इन्हें सम्मानित किया जा चुका है।



# नहीं रुक रही लड़कियों से छेड़खानी की घटना

## बीकॉम छात्रा से छेड़छाड़, पता बताने वाले को 5 हजार का इनाम

**रांची।** रांची में अभी स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि शहर में एक बार फिर से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे हैं। दरअसल, सदर अस्पताल के पास बीकॉम की एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामना आया है। एक मनचले ने छात्रा के साथ छेड़खानी की जब वह कॉलेज से जा रही थी।

### सीसीटीवी में मिली तस्वीर पुलिस ने रखा 5000 का इनाम

घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाने में जुट गई। सीसीटीवी की फुटेज में घटना दिखाई दे रही है जिसमें युवक छात्रा के साथ छेड़खानी करता हुआ दिख रहा है। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन शुरू की लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। सीसीटीवी फुटेज में लड़के का चेहरा धुंधला नजर आ रहा है। पुलिस ने वहां मौजूद दुकानदारों से भी पूछताछ की। वहीं पुलिस ने अब आरोपी की पहचान बताने या उसका सुराग देने वाले 5000 इनाम की घोषणा कर दी है।

### क्या कहा आसपास के दुकानदारों ने ?


सीसीटीवी फुटेज और वहां मौजूद दुकानदारों के मुताबिक युवक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की और जब छात्रा ने इसका विरोध किया और हल्ला मचाया तो युवक ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों और दुकानदार जमा हो गए। खुद को अकेले पड़ता देख युवक छात्रा को देख लेने की धमकी देकर फरार हो गया।




# स्मार्टफोन की बिक्री कोरोना काल के उच्च स्तर से नीचे आई

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में स्मार्टफोन की अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर से ज्यादा बड़ी है। लेकिन कोरोनाकाल में इसने जो उच्चस्तर छुआ था उसके बाद से लगातार गिरावट नजर आ रही है। इस गिरावट को थामने के उपाय करना भारत के लिए काफी जरूरी है। हालांकि, इस साल स्मार्टफोन की बिक्री में तकरीबन पांच फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, लेकिन लंबी अवधि में उपभोक्ता मांग में कमी चिंता का विषय बनी हुई है। इस चिंता की प्रमुख वजह है भारत का 2030 तक 500 अरब डॉलर की इलेक्ट्रॉनिक्स अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य।



### इस क्षेत्र का महत्व काफी ज्यादा

नीति आयोग ने पिछले वित्त वर्ष में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का मूल्य 155 अरब डॉलर आंका था। इसके मद्देनजर स्मार्टफोन अर्थव्यवस्था का महत्व काफी बढ़ जाता है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में इसका हिस्सा एक-चौथाई से अधिक है। आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में लम्बे समय तक मंदी रहने से कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण फर्मों की वृद्धि में कमी, इस क्षेत्र में वैश्विक निवेशकों में कमी तथा घरेलू उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में अरबों डॉलर का नुकसान शामिल हैं।

### बाजार का आकार बढ़ा

देश के स्मार्टफोन बाजार के मूल्य में एप्पल के आईफोन की वजह से प्रीमियम स्मार्टफोन की मांग में तेज वृद्धि हुई है। स्मार्टफोन की औसत बिक्री कीमत 2021 में 17,500 रुपये से बढ़कर इस साल 22,000 रुपये यानी 258 डॉलर हो गई है। रुपये के लिहाज से यह करीब 26% की वृद्धि है। देश की अर्थव्यवस्था में स्मार्टफोन बाजार से तीन अरब डॉलर का शानदार राजस्व प्राप्ति हुआ। अनुमान के मुताबिक इस साल यह राजस्व आंकड़ा 39.5 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

### त्योहारी बिक्री ने निराश किया

मल्टी-ब्रांड इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर महेश टेलीकॉम के पार्टनर, मुंबई स्थित मनीष खत्री ने कहा कि भारत में स्मार्टफोन की बिक्री 2024 में सुस्त रही। पहली छमाही में कुछ वृद्धि के बावजूद, त्योहारी सीजन की बिक्री निराशाजनक रही। जहां हाई-एंड फोन की लोकप्रियता में पीक सीजन के दौरान गिरावट आई, वहीं पोको, लावा, आईटेल और मोटोरोला जैसे सस्ते स्मार्टफोन ब्रांड ने बजट 5जी स्मार्टफोन पेश कर खरीदारों को नए विकल्प दिए। बजट उपकरणों की मांग वापस आती दिख रही है, लेकिन बाजार फिलहाल स्थिर बना हुआ है।

### सुस्त है वृद्धि दर

एक तरफ मात्रा के लिहाज से स्मार्टफोन की बिक्री में पांच फीसदी की गिरावट है वहीं इसके मूल्य सृजन में 2.7% की मामूली चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर बहुत निराश करने वाली है। नीति आयोग के अनुमान के अनुसार भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए 26% वार्षिक वृद्धि दर की जरूरत होगी। देखा जाए तो स्मार्टफोन उद्योग अपने लक्ष्य से बहुत पीछे है।

### उपभोक्ता मांग में गिरावट आई

इंटरनेशनल डेटा कॉर्प इंडिया और काउंटरपॉइंट रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 में जब कोरोना महामारी घटने लगी तो भारत भर में खुदरा विक्रेताओं को 16.1 करोड़ स्मार्टफोन 227 डॉलर यानी 17,500 रुपये के औसत बिक्री मूल्य पर भेजे गए। इस दौरान भारत के स्मार्टफोन बाजार ने सालाना 36.5 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया। वहीं, पिछले तीन वर्षों में स्मार्टफोन की उपभोक्ता मांग में लंबे समय तक गिरावट के कारण वार्षिक खुदरा विक्रेता शिपमेंट में गिरावट आई है। इस साल के अंत तक कुल 15.3 करोड़ स्मार्टफोन शिप किए जाने का अनुमान है। यह आंकड़ा तीन साल बाद भी 2021 के उच्चतम स्तर से 5% कम है।

# रुपया तीन पैसे टूटकर नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को तीन पैसे टूटकर 84.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों तथा विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग और घरेलू बाजारों में सुस्त रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया




84.92 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 84.95 प्रति डॉलर तक आ गया था। अंत में यह तीन पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# निवेशकों की सतर्कता से शेयर बाजार फिर हुआ धड़ाम

## सेंसेक्स-निफ्टी में जोरदार गिरावट

एजेंसी | मुंबई

मौद्रिक नीति तय करने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक शुरू होने के बाद और निवेशकों के सतर्क रुख की वजह से बुधवार 18 दिसंबर 2024 को शेयर बाजार एक बार फिर जोरदार गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 502.25 अंक या 0.62% का गोता लगाकर 80,182.20 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 137.15 अंक या 0.56% फिसल कर 24,198.85 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

### बीएसई सेंसेक्स के 22 शेयरों में भारी गिरावट



शेयर बाजार के कारोबारी सत्र के आखिर में बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान टाटा मोटर्स को हुआ। इसका शेयर 3.03% गिरकर 755.70 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। नुकसान में रहने वाले दूसरे शेयरों में पावरग्रिड, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड ट्रुबो, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक आदि प्रमुख हैं। इनके शेयरों में 1% से 3% तक गिरावट दर्ज की गई। लाभ में रहने वाले शेयरों में सबसे अधिक रिलायंस इंडस्ट्रीज को मुनाफा हुआ। इसका शेयर 0.64% की बढ़त के साथ 1253.05 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसके अलावा, सनफार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी और इन्फोसिस के शेयरों को भी लाभ हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सिंधिया और रमेश सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन को 2जी से जोड़ने पर भिड़े



**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस नेता जयराम रमेश सैटेलाइट कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन प्रक्रिया को यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान के 2जी मामले से जोड़ने पर भिड़ गए। सैटेलाइट कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन प्रक्रिया को मौजूदा एनडीए सरकार ने सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी है। सिंधिया ने कहा कि देश 2जी घोटाले को नहीं भूल सकता, जो देश के इतिहास पर एक धब्बा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, यह एक ऐसा घोटाला था, जिससे न केवल सरकारी खजाने को 1,76,645 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ, बल्कि सरकार-कॉरपोरेट गठजोड़ को उसका सबसे बुरा नाम भी मिला, जिसे साठगांठ वाला पूंजीवाद कहा जाता है। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में स्पेक्ट्रम आवंटन पहले आओ, पहले पाओ की पारदर्शिता-रहित नीति से किया गया, जिसके चलते घोटाले हुए और राजस्व का नुकसान हुआ। सिंधिया एक्स पर रमेश की पोस्ट का जवाब दे रहे थे, जिसमें मौजूदा सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी की प्रक्रिया को यूपीए शासन के दौरान प्रशासनिक स्पेक्ट्रम आवंटन प्रक्रिया से जोड़ा गया था।

### ईएसआईसी से 17.80 लाख कर्मी जुड़े



नई दिल्ली। राज्य कर्मचारी भविष्य निगम (ईएसआईसी) से अक्तूबर में 17.80 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इनमें से साढ़े आठ लाख कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम है और उनका नया पंजीकरण हुआ है। इसका मतलब है कि यह वह कर्मचारी हैं, जिन्हें पहली नौकरी मिली है। इस अवधि में 3.52 लाख महिला कर्मचारी भी पंजीकृत हुई हैं। इसके साथ ही, 42 ट्रांसजेंडर का भी कर्मचारी के तौर पर पंजीकरण हुआ है। ईएसआईसी की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सालाना आधार पर पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों की संख्या में तीन फीसदी का इजाफा हुआ है। अक्तूबर 2023 में 17.28 लाख कर्मचारी ईएसआईसी से जुड़े थे लेकिन इस बार इनकी संख्या 17.80 लाख रही है। यानी करीब 50 लाख अधिक कर्मचारी पंजीकृत हुए हैं। कुल पंजीकृत कर्मचारियों में युवाओं (25 वर्ष तक) की हिस्सेदारी 47.75 प्रतिशत रही है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है
मुंबई, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024



## सीरीज कब्जाने उतरेंगी भारत और विंडीज की महिला टीमें

### 49 रन से पहला मैच भारतीय टीम ने जीता था



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी के बाद मेजबान भारत और वेस्टइंडीज टीमों के बीच अब गुरुवार को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में सीरीज जीतने की जंग होगी। भारतीय महिला टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक खेल का जवाब देने के लिए गलतियों से सबक लेकर उतरेगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर का खेलना हालांकि अभी तय नहीं है। भारत ने पहला मैच 49 रन से जीता जबकि वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में उसे नौ विकेट से हराकर सीरीज में बराबरी कर ली।

### कमियां दूर करनी होंगी

दूसरे मैच में भारत का कोई भी गेंदबाज मेहमान बल्लेबाजों को चुनौती नहीं दे सका और ओस ने काम और मुश्किल कर दिया। वेस्टइंडीज ने हालात का पूरा फायदा उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। एक दिन में हालात में बहुत बदलाव नहीं होने वाला लेकिन भारत को अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार जरूर करना होगा। हरमनप्रीत पहले मैच में फील्डिंग के लिए नहीं आईं और घुटने में चोट के कारण दूसरा मैच नहीं खेल सकीं। पिछले तीन टी-20 मैचों में दो अर्धशतक जमाने वाली हरमनप्रीत अगर नहीं खेलती हैं तो उनके अनुभव की कमी खलेगी। उनकी गैर मौजूदगी में जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी जबकि चौथे नंबर पर राघवी बिष्ट ने दूसरे मैच में पदार्पण किया। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने सीरीज में दूसरा अर्धशतक लगाकर भारत को अच्छा स्कोर देने की कोशिश की लेकिन बाकी बल्लेबाजों से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। दूसरी ओर वेस्टइंडीज की गेंदबाजों ने काफी अनुशासित प्रदर्शन किया और बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। स्मृति और रिचा घोष (32) को छोड़ कोई भारतीय बल्लेबाज डटकर नहीं खेल सकीं। भारत को वेस्टइंडीज की अनुभवी डिएंड्रा डोटिन से भी सावधान रहना होगा जो अच्छी फॉर्म में हैं। इनके अलावा हेली मैथ्यूज और कियाना जोसेफ के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा।

## भारतीय क्रिकेट में एक युग का अंत

# कैरम गेंद के महारथी अश्विन ने लिया संन्यास

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कैरम गेंद के महारथी अश्विन के संन्यास के साथ भारतीय क्रिकेट में एक युग का अंत हो गया। पिछले 14 साल से लाल गेंद के क्रिकेट में भारतीय टीम का अहम हिस्सा थे। उन्होंने भारतीय टीम की जर्सी को बहुत गर्व के साथ पहना। उन्होंने 537 टेस्ट विकेट लिए और 38 साल की उम्र में रिजर्व खिलाड़ी की तरह सिर्फ ड्रेसिंग रूम में नहीं बैठना चाहते।

### न्यूजीलैंड सीरीज के बाद कर लिया था विचार

ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से ही उनके दिमाग में संन्यास का विचार था। इस सीरीज में भारत को 0-3 से हार मिली थी। तीन मैच में उन्होंने नौ विकेट लिए जबकि सुंदर ने पुणे में ही 12 विकेट लिए जबकि अश्विन को पांच विकेट मिले। उन्होंने टीम प्रबंधन को यह स्पष्ट कर दिया था कि अगर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के में उन्हें एकादश में जगह नहीं मिलती है तो वह ऑस्ट्रेलिया नहीं जाएंगे। भारत ने पर्थ में अश्विन पर सुंदर को तरजीह दी जिसके बाद इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने रोहित के आग्रह पर गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिए एकादश में वापसी की। जडेजा ब्रिस्बेन टेस्ट में खेले। जैसा कि रोहित ने गाबा में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के बाद कहा, कोई नहीं जानता कि मेलबर्न और सिडनी में होने वाले बाकी दो मैचों के लिए टीम कैसी होगी।



### दस माह बाद अगली घरेलू सीरीज

अगली टेस्ट सीरीज इंग्लैंड में (जून से अगस्त) है जहां शायद भारत दो से अधिक विशेषज्ञ स्पिनरों को साथ नहीं ले जाए जो बल्लेबाज भी हों। भारत की अगली घरेलू टेस्ट सीरीज अक्तूबर-नवंबर में है। दस महीने लंबा समय है। एक बार जब यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र समाप्त हो जाएगा तो नजरें 2027 पर होंगी। अश्विन तब तक 40 वर्ष के हो चुके होंगे और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव का दौर पूरा हो चुका होगा।

### जडेजा के साथ दिखाया फिरकी का जादू



**587 विकेट चटकाए अश्विन-जडेजा की जोड़ी ने मिलकर**

रवींद्र जडेजा के साथ उनकी जोड़ी काफी हिट रही। यह जोड़ी अपनी फिरकी से तो टीम इंडिया के लिए संकटमोचक बनी ही बल्ले से भी कई मैच जिताए। अब क्रिकेटप्रेमियों को यह जोड़ी एक-साथ नजर नहीं आएगी।

### सबसे सफल स्पिन जोड़ी

अश्विन और जडेजा की जोड़ी टेस्ट क्रिकेट में देश की सबसे सफल जोड़ी है। एक साल के अंतराल के दौरान दोनों ने टेस्ट करियर शुरू किया था। दोनों ने मिलकर 58 टेस्ट खेले। इनमें 587 विकेट चटकाए। हरभजन और कुंबले की जोड़ी ने 501 और हरभजन व जहीर की जोड़ी ने 474 विकेट लिए हैं। विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड (1039 विकेट, 138 मैच) के नाम है। इस दौरान टीम की जीत प्रतिशत 71.42 का रहा। इन टेस्ट में से टीम ने 49 घरेलू मैदान पर खेले।


### पर्थ में ही लगा लिया था अनुमान

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज समाप्त होने तक इंतजार नहीं करने के अश्विन के फैसले से यह भी संकेत मिला कि पर्थ में शुरुआती मैच उन पर सुंदर को तरजीह दिए जाने की उनके फैसले में अहम भूमिका रही। मैदान पर और मैदान के बाहर खेल को पढ़ने में सक्षम अश्विन ने शायद यह अनुमान लगा लिया होगा कि आगे क्या होने वाला है। शायद इससे उनके लिए फैसला लेना आसान हो गया। पर्थ में जब अंतिम एकादश को अंतिम रूप दिया गया था तब रोहित मौजूद नहीं थे। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह कोच गौतम गंभीर थे जिन्होंने यह तय किया था कि आगे चलकर भारत का नंबर एक ऑफ स्पिनर कौन होगा और वह अश्विन नहीं थे। टीम से जुड़ने के बाद रोहित को अश्विन को एडीलेड में खेलने के लिए मनाना पड़ा।

### सीरीज खत्म होने तक रुकना चाहिए था : गावस्कर

**एजेंसी | ब्रिस्बेन**

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने अश्विन की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के समय को लेकर आलोचना की है। उन्होंने बुधवार को कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज समाप्त होने तक इंतजार कर सकता था क्योंकि भारतीय टीम के पास अगले दो टेस्ट मैच के लिए एक सदस्य कम हो गया है। उन्होंने कहा, वह कह सकता था कि देखिए सीरीज समाप्त होने के बाद मैं भारतीय टीम में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहूंगा। इसका क्या मतलब है। धौनी ने भी इसी तरह से 2014-15 की सीरीज के दौरान तीसरे टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लिया था। इससे टीम में एक सदस्य कम हो जाता है। चयन समिति ने किसी उद्देश्य से ही इस दौरे के लिए इतने अधिक खिलाड़ियों का चयन किया है।



## ब्रिस्बेन में बराबरी बरकरार

### 152 रन पहली पारी में बनाने वाले ट्रेविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे



**एजेंसी | ब्रिस्बेन**

पांचवें दिन कुछ रोमांच, उतार-चढ़ाव और बारिश के बीच आखिरकार ब्रिस्बेन टेस्ट ड्रॉ समाप्त हो गया। इससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही सीरीज अब भी 1-1 से बराबरी पर है। चौथा टेस्ट बॉक्सिंग डे पर 26 दिसंबर, गुरुवार को मेलबर्न में शुरू होगा। मैच के आखिरी दिन बुधवार को भारत ने नौ विकेट पर 252 रन से आगे खेलते हुए आठ रन और जोड़े। फिर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन के स्कोर पर घोषित करने का साहसिक फैसला लेकर भारत को 275 रन का लक्ष्य दिया। इससे पहले बारिश के कारण सुबह के सत्र में खेल नहीं हो सका। नतीजे के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा दिख रहा था, ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे लगातार अंतराल पर विकेट गिरे।

ऑस्ट्रेलिया ने तेज बल्लेबाजी की। 18 ओवर खेले और एलेक्स कैरी (20 गेंद, 20 रन), पैट कमिंस (10 गेंद, 22 रन) और ट्रेविस हेड (19 गेंद, 17 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। फिर मेजबान टीम ने पारी घोषित कर दी। जवाब में भारत ने दूसरी पारी में जब 2. 1 ओवर में बिना नुकसान आठ रन बना लिए थे तब फिर बारिश के कारण चाय ब्रेक जल्दी लेना पड़ा। इसके बाद बारिश तेज हो गई और कोई खेल नहीं हो सका। पहली पारी में 152 रन बनाने वाले ट्रेविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### बुमराह के नौ विकेट

जसप्रीत बुमराह ने कंगारुओं की दूसरी पारी में 18 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और आकाश दीप को दो-दो विकेट मिले। इस तरह बुमराह ने मैच में कुल 9 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े। मैच भले ही ड्रॉ पर छूटा हो लेकिन भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी चिंता का सबब रही है और मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले उसे इसमें सुधार करना होगा। ब्रिस्बेन में मोहम्मद सिराज ने चोट के साथ गेंदबाजी की जिससे मेलबर्न टेस्ट में उनके खेलने पर भी संशय है। हर्षित राणा की जगह चुने गए आकाश दीप ने अच्छी गेंदबाजी की और बल्लेबाजी में भी उपयोगी रहे लिहाजा उनका अंतिम एकादश में रहना तय लग रहा है। केएल राहुल को छोड़ सारे बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का सामना करने में नाकाम रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म में हैं तो पर्थ के शतक को छोड़ सुपरस्टार विराट कोहली ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को नहीं खेल पा रहे।

## विनिशियस जूनियर और ऐटाना बोनमाटी को द 'बेस्ट पुरस्कार'

**एजेंसी | दोहा**



रियाल मैड्रिड के स्टार विनिशियस जूनियर को फीफा 'द बेस्ट पुरस्कार में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि बार्सिलोना की ऐटाना बोनमाटी ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता। अक्तूबर में मैनचेस्टर सिटी के रौड्री ने 24 वर्ष के विनिशियस को पछाड़कर बैलन डि ऑर जीता था। इसके विरोध में विनिशियस और मैड्रिड टीम ने पेरिस में पुरस्कार समारोह में भाग ही नहीं लिया था। इस बार रौड्री पांच अंक से विनिशियस से पिछड़ गए।


ब्राजील के फॉरवर्ड विनिशियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे। उन्होंने पुर्तगाली भाषा में कहा, समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरू करूं। लगा नहीं था कि यहां तक पहुंच सकूंगा। मैं गरीबी और अपराध के लिए बदनाम साओ गोंकालो की गलियों में नंगे पैर सड़क पर फुटबॉल खेला करता था। यहां तक पहुंचना मेरे लिए काफी अहम है। मैं उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं जिन्हें लगता है कि सब कुछ असंभव है।

### टीम प्रयास का इनाम

स्पेन की मिडफील्डर बोनमाटी ने लगातार दो साल बैलन डि ऑर जीतने के बाद यह पुरस्कार जीता। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि यह टीम प्रयासों से मिला है। यह साल बहुत शानदार रहा। मैं अपने क्लब, साथी खिलाड़ियों और सभी को धन्यवाद देती हूं। दोनों पुरस्कारों के लिए 11 खिलाड़ियों को नामित किया गया था जिसके बाद मौजूदा कप्तानों, कोचों, प्रशंसकों और मीडिया के वोट से विजेता का चयन हुआ। इसके लिए 21 अगस्त, 2023 से 10 अगस्त, 2024 के प्रदर्शन को आधार रखा गया था।

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अजेय बढ़त ली

**एजेंसी | सेंट विंसेंट**



'प्लेयर ऑफ द मैच शमीम हुसैन (नाबाद 35) और महेदी हसन मिराज (26) रन की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में वेंस्टइंडीज को 27 रन से शिकस्त दे दी। इस जीत से बांग्लादेश ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। टॉस हारकर बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 18.3 ओवर में 102 रनों पर ढेर हो गई। रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। अकील हुसैन ने (31) और जॉनसन चार्ल्स ने (14) रन बनाए। विंडीज के शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।



## सलमान के दम पर पाक ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**एजेंसी | पार्ल**

हरफनमौला सलमान आगा के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में तीन विकेट से हरा दिया है। मंगलवार रात सलमान ने 90 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर टीम को तीन गेंद रहते जीत दिलाई। इससे पहले उन्होंने ऑफ स्पिन से चार विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 239 रन ही बना सकी। जवाब में पाकिस्तान ने 20वें ओवर में चार विकेट 60 रन पर गंवा दिए थे। सलमान को एडेन मार्क्रम की गेंद पर विकेट के पीछे जीवनदान मिला जब वह छह रन पर थे। इसके बाद उन्होंने कोई मौका नहीं दिया। वहीं सईम ने दूसरा वनडे शतक लगाते हुए 119 गेंद में 109 रन बनाए। वह कैगिसो रबाडा को पुल शॉट खेलने के प्रयास में फाइन लेग में कैच दे बैठे। उन्होंने सलमान के साथ 141 रन की साझेदारी की।



## मिलन लुथरिया की फिल्म के हीरो बने अक्षय कुमार

पिछली बार अक्षय कुमार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखाई दिखाई दिए और उनके काम की खूब तारीफ भी हुई। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। अब अक्षय की आगामी फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। दरअसल, अक्षय ने एक बार फिर जाने-माने निर्देशक मिलन लुथरिया से हाथ मिलाया है। 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा' (2013) के बाद यह अक्षय और लुथरिया के बीच दूसरा सहयोग होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और लुथरिया एक बार फिर से साथ आ गए हैं। दोनों एक दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें अक्षय एक विचित्र पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे।

## 'कॉकटेल' के सीक्वल पर लगी मुहर

### कृति सैनन और शाहिद कपूर की जोड़ी आएगी नजर






दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी जैसे दिग्गज सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म 'कॉकटेल' हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। होमी अदजानिया ने इस फिल्म का निर्देशन किया था, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता थे। यह फिल्म 13 जुलाई, 2012 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 125 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब लगभग 12 साल बाद 'कॉकटेल' के सीक्वल पर मुहर लग गई है।

### कट गया दीपिका, सैफ और डायना का पत्ता

पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिनेश विजान और लव रंजन ने एक बार फिर हाथ मिलाया है। दोनों 2012 में आई फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल बना रहे हैं। हालांकि, 'कॉकटेल 2' से दीपिका, सैफ और डायना का पत्ता कट गया है। फिल्म के सीक्वल में अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सैनन की जोड़ी नजर आएगी। बता दें कि 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बाद यह शाहिद और कृति के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'कॉकटेल 2' का निर्देशन अदजानिया करने वाले हैं। दिनेश और लव इस फिल्म के निर्माता है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने कहा, 'दिनेश विजान 'कॉकटेल 2' के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन स्टारकास्ट में बदलाव के साथ। 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर और कृति सैनन मुख्य भूमिका में होंगे। एक और अभिनेत्री की तलाश जारी है।'



## 'यह अंत नहीं'

### 'लापता लेडीज' के ऑस्कर की रेस से बाहर होने पर आमिर की प्रतिक्रिया

ऑस्कर 2025 के लिए आमिर खान और किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। हालांकि, हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट हुईं फिल्मों की सूची जारी की गई, जिसमें 'लापता लेडीज' को जगह नहीं मिली और नामांकन से पहले ही रेस से बाहर हो गई। अब आमिर के प्रोडक्शंस हाउस ने 'लापता लेडीज' के ऑस्कर की रेस से बाहर होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान जारी कर अपनी निराशा व्यक्त की। प्रोडक्शन हाउस ने कहा, 'हम भले ही निराश हैं, लेकिन साथ ही इस यात्रा के दौरान हमें मिले अविश्वसनीय समर्थन और विश्वास के लिए हम बेहद आभारी हैं। दुनियाभर की कुछ बेहतरीन फिल्मों के साथ इस प्रतिष्ठित प्रक्रिया में शामिल होना अपने आप में सम्मान की बात है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे लिए यह अंत नहीं, बल्कि एक कदम आगे है। हम और अधिक शक्तिशाली कहानियों को जीवंत करने और उन्हें दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं।'



### नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई 'लापता लेडीज'

'लापता लेडीज' की कहानी 2 दुल्हनों की अदला-बदली पर आधारित है। इसमें रवि किशन, स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल जैसे कलाकार अहम भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माता आमिर तो इसकी निर्देशक उनकी पूर्व पत्नी किरण हैं। 'लापता लेडीज' को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। सिनेमाघरों में भले ही फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए, लेकिन OTT पर आते ही इसने धमाका कर दिया। फिल्म ने साबित कर दिया है कि असल में कंटेंट ही किंग है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### राघव चड्ढा की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय बंगला आवंटन मामले में आप सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। चड्ढा ने अपने सरकारी बंगले के आवंटन को रद्द करने के मामले में अधिकारियों को कोई भी कार्रवाई करने से रोकने की मांग की है। इस मामले में बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा एवं धर्मेश शर्मा की पीठ ने चड्ढा के वकील को बंगले से उन्हें बेदखल करने पर लगी रोक हटाने के सत्र अदालत के हालिया आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी है। चड्ढा के वकील ने पीठ से बंगले से बेदखली पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह किया, जिसके बाद पीठ ने पूछा कि सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दिए बिना ऐसी राहत कैसे दी जा सकती है।

### बब्बर खालसा के आतंकी लांडा के दो गुर्गों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब में आतंकी साजिश रचने के मामले में प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के दो गुर्गों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। जांच एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पंजाब के फिरोजपुर जिले के जसप्रीत सिंह और मध्य प्रदेश के बडवानी जिले के बलजीत सिंह के खिलाफ मंगलवार को मोहाली की विशेष अदालत में आरोपपत्र दायर किया गया। जांच एजेंसी ने बताया है कि विदेश में बैठे लांडा के मादक पदार्थ तस्करी और जबरन वसूली नेटवर्क में जसप्रीत शामिल था। वहीं, बलजीत स्थानीय स्तर पर हथियार बनाकर लांडा गिरोह के अन्य गुर्गों तक देश भर में पहुंचा रहा था। जांच के दौरान एनआईए ने आरोपियों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, मादक पदार्थ और उनसे अर्जित धन, डिजिटल उपकरण और अन्य वस्तुएं जब्त कीं।

### आगरा के कारोबारी के घर ईडी की रेड

**आगरा।** आगरा के रियल एस्टेट कारोबारी प्रखर गर्ग के ठिकानों पर बुधवार सुबह ED की रेड पड़ी। ED की टीमें उनके आगरा के घर के अलावा नोएडा के ठिकानों पर भी एक साथ पहुंची। दो महीने पहले प्रखर गर्ग पर 9 करोड़ के फ्रॉड की FIR दर्ज की गई है। उन पर धोखाधड़ी के 25 मुकदमे भी दर्ज हैं। एक साल पहले उन्होंने वृंदावन कॉरिडोर के लिए 510 करोड़ रुपए दान देने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद वो सुर्खियों में आए थे।

### केंद्र ने राष्ट्रीय न्यास बोर्ड, उप-समिति का बैठक शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्यास और अधिकारिता मंत्रालय ने राष्ट्रीय न्यास बोर्ड और उप-समिति की बैठकों में भाग लेने वाले गैर-आधिकारिक सदस्यों और पेशेवरों के लिए बैठक शुल्क बढ़ा दिया है। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब, राष्ट्रीय ट्रस्ट बोर्ड की बैठकों में भाग लेने वाले गैर-आधिकारिक बोर्ड सदस्यों को 4,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। यह शुल्क पहले 1,000 रुपये था। इसी तरह, उप-समिति की बैठकों में आमंत्रित पेशेवरों या व्यक्तियों के लिए शुल्क 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति दिन कर दिया गया है। इसके अलावा, केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार यात्रा और महंगाई भत्ते (टीए/डीए) भी मिलते रहेंगे।

## दोनों सदन एक बार स्थगन के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित

## विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर मांगा इस्तीफा

# बाबा साहेब आंबेडकर के कथित अपमान पर सियासत गरमाई

### खड़गे की मांग- रात 12 से पहले PM गृह मंत्री को बर्खास्त करें

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद में संविधान के 75 सालों के गौरवशाली सफर पर हुई चर्चा अब पक्ष-विपक्ष के बीच बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान के आरोप-प्रत्यारोप में तब्दील हो गई है। बुधवार को इस मुद्दे पर सियासत गर्म रही। विपक्ष ने जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए संसद नहीं चलने दी वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर कांग्रेस पर पलटवार किया। बाद में शाम को शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उनका पूरा भाषण देखा जाए। कांग्रेस एक हिस्सा दिखाकर भ्रम फैला रही है।


### अंबेडकर-आरक्षण बयान पर सफाई देने आए शाहः कहा- मेरा बयान तोड़ा-मरोड़ा



### संसद के बाहर प्रदर्शन

विपक्ष ने इस मुद्दे पर पहले संसद के बाहर प्रदर्शन किया फिर दोनों सदनों में हंगामा कर कार्यवाही नहीं चलने दी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने संसद के भीतर मोर्चा संभाला। अपराह्न में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गृह मंत्री से इस्तीफा मांगा और पीएम से उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। राहुल गांधी भी मैदान में उतर आए। शाम को शाह तीन मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस पर आंबेडकर के अपमान को लेकर अपनी बातें दोहराई और कहा कांग्रेस झूठ परोस रही है। उनका पूरा भाषण देखा जाए।


### अमित शाह की सफाई



राज्यसभा में मंगलवार को संविधान पर हुई चर्चा का जवाब शाह ने दिया। इस दौरान वह एक जगह विपक्ष पर हमला करते हुए कहते हैं कि ...आजकल फैशन हो गया है आंबेडकर-आंबेडकर कहने का... विपक्ष इसी बात को तोड़ मरोड़कर पेश कर रहा है कि उन्होंने यह कहकर आंबेडकर का अपमान किया है जबकि पूरा भाषण देखा जाए तो यह सिर्फ विपक्ष पर एक कटाक्ष भर है।

### शाह के सपोर्ट में मोदी, कहा- कांग्रेस अंबेडकर पर नाटक कर रही

विपक्षी नेताओं की तरफ से गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग के बाद बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को जवाब दिया। मोदी ने X पर 6 पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस अब अंबेडकर पर नाटक कर रही है। पंडित नेहरू ने चुनाव में अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। उन्हें भारत रत्न देने से कांग्रेस ने इनकार किया।



### कांग्रेस आंबेडकर के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही : नड्डा

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के आरोप का सामना कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बचाव किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता के जीवित रहते हुए कांग्रेस ने उनका घोर अपमान किया। आज वह वोटबैंक की राजनीति के लिए उनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कल संसद में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के घोर अपमान के संदर्भ में कांग्रेस एवं उनके नेताओं को तथ्य और तर्कों के माध्यम से स्पष्ट आईना दिखाया था। दलित और आंबेडकर विरोधी कांग्रेस का सच सामने आने पर बौखलाए कांग्रेसियों ने झूठा विमर्श गढ़ने का प्रयास किया है! उन्होंने कहा, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवित रहते हुए कांग्रेस ने उनका घोर अपमान किया, आज कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति के लिए उनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है।

### खरगे ने मांगा इस्तीफा

कांग्रेस ने गृहमंत्री से अपने बयान पर देशवासियों से माफी मांगने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें फौरन केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को मीडिया से बात करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में जो कहा, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान को नहीं मानते हैं। स्वर्ग और नर्क की बात करने वाले लोग सिर्फ मनुस्मृति को मानते हैं। खरगे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कभी स्वर्ग को नहीं माना। उन्होंने कहा कि आंबेडकर सभी के लिए पूजनीय हैं। पर, गृहमंत्री ने उनका अपमान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मुद्दे पर घेरते हुए उन्होंने कहा कि पीएम ने शाह के बचाव में एक्स पर छह पोस्ट किए हैं।

### आंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा देश : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहेब आंबेडकर के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर गृहमंत्री से माफी मांगने की मांग की है। सोशल मीडिया पर संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता हैं, देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। इसलिए देश उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान नहीं सहेगा। गृहमंत्री अमित शाह अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगें।

### बाबा साहेब का नाम मानवीय गरिमा का प्रतीक : प्रियंका गांधी

कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का नाम लेने से अधिकार मिलते हैं। उनका नाम लेना मानवीय गरिमा का प्रतीक है। बाबा साहेब आंबेडकर का नाम करोड़ों दलितों ओर वंचितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है। एक्स पर अपने पोस्ट के साथ उन्होंने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन की कई तस्वीर भी साझा की।

## हाईकोर्ट के पूर्व जजों को 10-15 हजार पेंशन मिलने पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि हाईकोर्ट के पूर्व जजों की पेंशन के मसले पर कानूनी दृष्टिकोण के बजाय मानवीय दृष्टिकोण अपनाए। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त होने के बाद कुछ जजों को महज 10 से 15 हजार रुपये तक की मामूली पेंशन पर चिंता जताई। साथ ही कहा कि यह दयनीय स्थिति को दर्शाता है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने हाईकोर्ट के पूर्व जजों की पेंशन में विसंगतियों वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और जनवरी, 2025 में इस पर सुनवाई का आग्रह किया। उन्होंने पीठ से कहा कि सरकार इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगी। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि बेहतर होगा कि अटॉर्नी जनरल सरकार को समझाएं कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। यह भी कहा कि मामले में सुप्रीम कोर्ट जो भी फैसला देगा, वह सभी हाईकोर्ट के पूर्व जजों पर लागू होगा। मामले में अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी।

### दो श्रेणियों के कारण अंतर

पीठ ने कहा कि इस विसंगति का एक प्रमुख कारण यह है कि जिला न्यायालय से पदोन्नति पाकर हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनने वाले नई पेंशन योजना के अंतर्गत आते हैं। जबकि बार से हाईकोर्ट पहुंचने वाले न्यायाधीश पुरानी पेंशन योजना के लाभार्थी हैं। इस कारण हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त होने वाले जजों की दो श्रेणियां बन गईं और पेंशन में अंतर हो गया। इसी साल मार्च में एक अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की पेंशन पर इस आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है कि वे बार या जिला न्यायालय से वहां पहुंचे हैं।

## यासीन मलिक समेत छह को जवाब के लिए समय मिला

### आतंकवाद से जुड़े दो मामलों का दिल्ली स्थानांतरण चाहती है सीबीआई



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को छह आरोपियों को सीबीआई की उस याचिका पर जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया, जिसमें दो आतंकी मामलों को जम्मू से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई है। आरोपियों में प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का सरगना यासीन मलिक भी सामिल है। एक मामला 25 जनवरी, 1990 को श्रीनगर में भारतीय वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या से जुड़ा है, जबकि दूसरा आठ दिसंबर, 1989 को हुए तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से संबंधित है। न्यायमूर्ति एस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने इस तथ्य का संज्ञान लिया कि आरोपियों ने सीबीआई की अर्जी पर अब तक जबाव नहीं दाखिल किया है।

## 'वक्फ की संपत्तियों पर बने मंदिरों को नहीं हटाएगी सरकार'

### सीएम सिद्धारमैया ने विधानसभा में दी जानकारी

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को विधानसभा को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उन मंदिरों को नहीं हटाएगी जो वक्फ संपत्तियों पर बने हैं। इस मामले में उन्होंने आगे कहा कि, अगर उन्हें (मंदिरों को) नोटिस दिए गए हैं, तो उन्हें वापस ले लिया जाएगा। विधानसभा में वक्फ बोर्ड की तरफ से किसानों, मंदिरों और कई अन्य व्यक्तियों को बेदखली नोटिस जारी करने के मुद्दे पर चर्चा के दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा, 'अगर वक्फ संपत्तियों पर मंदिर बनाए गए हैं, तो हम उन्हें नहीं हटाएंगे। मैं यह बहुत स्पष्ट कर रहा हूं। अगर कोई नोटिस जारी किया गया है, तो उन्हें (नोटिस) वापस ले लिया जाएगा।'



### भाजपा ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

जब विधानसभा में वक्फ मुद्दे को भाजपा ने इसे उठाया, तो वक्फ और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान ने स्पष्ट किया कि अगर किसानों और मंदिरों को नोटिस दिए गए हैं, तो उन्हें वापस ले लिया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी उनके बयान को दोहराया और कहा कि किसी भी किसान को उस जमीन से बेदखल नहीं किया जाएगा, जिस पर वह खेती कर रहा है।

## महाकुंभ में फ्री ट्रेन यात्रा नहीं कराएगा रेलवे

FAKE NEWS

एजेंसी | नई दिल्ला

### जनरल कोच में 200-250 किमी तक बिना टिकट ट्रैवल की खबर अफवाह

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को फ्री यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आई थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा- भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी, हम इन रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं, क्योंकि वे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है।



### पूरा मामला क्या है

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि केंद्र सरकार 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ में आने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए नए विकल्प पर विचार कर रही है। रेलवे महाकुंभ से लौटने वाले सामान्य श्रेणी (जनरल कोच) के यात्रियों के लिए टिकट खरीदने की अनिवार्यता खत्म कर सकती है। इसके लिए जरूरी औपचारिकताओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दावा किया गया था कि महाकुंभ के 45 दिनों में देशभर से करीब 45 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। रेलवे का आकलन है कि कुंभ के दिनों का औसत निकालें तो रोज 5 लाख से ज्यादा यात्री सामान्य श्रेणी के कोचों में सफर करेंगे। इसलिए जनरल टिकट खरीदने की अनिवार्यता को कुंभ के लिए रद्द किया जा रहा है।

### यात्रियों के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए जाएंगे


रेलवे ने कहा- भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए कई व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए खास तौर पर यात्रा के दौरान रेलवे ने विशेष होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है। उत्तर-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज में 450 करोड़ रुपए की लागत से 21 रेलवे क्रॉसिंग गेट बनाए जा रहे हैं। फिलहाल 15 गेट बन चुके हैं और बाकी के दिसंबर में बन जाएंगे।

## शोध खबर | वायु प्रदूषण व्यवहार संबंधी विकारों के लिए जिम्मेदार

# दूषित हवा से मानसिक रोगों का खतरा बढ़ा

एजेंसी | एडिनबर्ग

वायु प्रदूषण फेफड़ों और दूसरे अंगों के साथ हमारी मानसिक स्थिति पर भी गहरा असर डाल रहा है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से मानसिक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। बीएमजे ओपन पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट एंड्रयूज में हुए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण शारीरिक बीमारी के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को बढ़ाता है। दो लाख लोगों पर किए गए अध्ययन में पता चला कि विशेष रूप से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड मानसिक विकारों के लिए जिम्मेदार होती है। इस प्रदूषक तत्व के संपर्क में आने से व्यवहार संबंधी विकारों को बढ़ावा मिलता है।




### यह अपनी तरह का पहला अध्ययन

प्रमुख शोधार्थी डॉ. मैरी अबेद अल अहद ने कहा, यह अपनी तरह का पहला अध्ययन है, जिसमें वायु प्रदूषण को शारीरिक बीमारियों के अलावा मानसिक रोगों के लिए भी जिम्मेदार पाया गया है। इससे पता चलता है कि मौजूदा समय में मानसिक रोगियों के बढ़ने की वजह वायु प्रदूषण भी हो सकता है। इस अध्ययन के माध्यम से चिकित्सकों को मानसिक रोगियों के इलाज में मदद मिल सकती है।

### दुनियाभर में बच्चों पर बुरा असर

दुनिया में दस से 19 वर्ष का हर सातवां बच्चा मानसिक समस्याओं से जूझ रहा है इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं

(स्रोत : विश्व स्वास्थ्य संगठन)



### भारत में ये स्थिति

- 11 करोड़ लोग मानसिक समस्याओं से जूझ रहे
- 80 फीसदी लोग मदद मांगने से हिचकिचाते हैं
- 01 लाख लोग हर साल आत्महत्या कर लेते हैं

(स्रोत : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के इस साल जारी आंकड़े)

### वन नेशन-वन इलेक्शन JPC के लिए प्रियंका का नाम

एजेंसी | नई दिल्ली



एक देश, एक चुनाव के लिए संसद में मंगलवार को पेश हुए 129 वें संविधान (संशोधन) बिल की समीक्षा के लिए बनने वाली जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) में कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हो सकती हैं। कांग्रेस ने JPC के लिए चार सांसदों के नाम नॉमिनेट किए हैं। इनमें प्रियंका के अलावा मनीष तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला और सुखदेव भगत सिंह शामिल हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने साकेत गोखले और कल्याण बनर्जी का नाम आगे बढ़ाया है।

## चीन ने डोकलाम के निकट बसाए गांव

### सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

### सिलिगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी



एजेंसी | नई दिल्ली

चीन अपनी चालबाजियों से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ भारत के साथ एलएसी पर तनाव कम करने की बात कर रहा है, तो वहीं भूटान के सीमावर्ती क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर गांव बसा रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने पिछले आठ वर्षों में भूटान के पारंपरिक क्षेत्र में कम से कम 22 गांव बसाए हैं, जिनमें से आठ गांव डोकलाम पठार के पास 2020 के बाद बनाए गए हैं।

### आठ गांवों का निर्माण

सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है, भूटान के पश्चिमी क्षेत्र में डोकलाम के निकट रणनीतिक रूप महत्वपूर्ण एक घाटी पर आठ गांवों का निर्माण किया गया है। ये गांव कई चीनी सैन्य चौकियों या ठिकानों के निकट दिख रहे हैं। इनमें से सबसे बड़ा गांव जिवु है, जो भूटान की चरागाह भूमि पर बना है और भूटान में इसे त्सेथांगखा के नाम से जाना जाता है। इन गांवों का निर्माण भारत के लिए चिंता का कारण बन गया है। डोकलाम में चीन की स्थिति मजबूत होने से 'चिकन नेक यानी सिलिगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हो सकता है।

### भूटान की स्थिति

- हाल के वर्षों में भूटानी अधिकारियों ने भूटान के क्षेत्र पर चीन द्वारा बनाए गई बस्तियों के दावे को खारिज किया है। 2023 में भूटान के पूर्व प्रधानमंत्री लोते त्शेरिंग ने कहा था कि ये चीनी ठिकानें भूटान में नहीं हैं।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने भूटान के लगभग 825 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। यह उसके कुल क्षेत्र का करीब दो फीसदी हिस्सा है।